


پوجيه دادا جشن واسواڻي

سنديش

پرڀوءَ جا پيارا،

اوهان کي ڌنيواد آهي جو اوهان گواليار ۾ سوامي سروانند سيوا سمتي دواران دکين درديئن جي سيوا ڪري رهيا آهيو. دکي دردي ۽ پکي انسان الؤ پرڀوءَ جون ڀڳل مورتيون آهن جي سيوا ڪرڻ پنهنجو ڀاڳ سمجهو ۽ ڪنهن پيار ڏيو جيئن پنهنجن مٽن کي پيار ڏيو ٿا. تن ڇاهيو تن ڏيڻو، آسيس پايو پوءِ سک پايو.

خوشي آهي ته اوهان سنت سوامي سروانند مهاراج جي ٨٥ جنمدن جي موقعي تي خاص پترڪا پرڪاشت ڪري رهيا آهيو. شل اوهان تي ۽ اوهان جي ڪارج تي ايشور جي آسيس چمڪي ۽ چمڪندي رهي.

جشن واسواڻي

ست نام ساکي

سنديش

ستگرن جا پيارا،
نِڪ خيال وارا،
سدا باغ بهارا،
ستگرو سوامي سروانند سيوا سميتيءَ جا سيوڪو!

اوهان ڪيڏي نه اُمنگ ۽ اُتساهه سان سيوا جا ڪارج ڪري رهيا آهيو، اُنهن سيوڪن جي سار لهي ٿا پرڀو اوهان جي سار لهندو. نشڪام ڀاونا سان لوڪ ڪلياڻ جا ڪارج ڪندا رهو. سيوا ڪندي به نام کي نه وساريو. ڏاڍا ڏاڍيون، ڏينهن ڪم ڪارن ڪندي پرڀوءَ جا گڻ ڳايو، مانش جنم سڦل بڻايو.

اوهان کي ڌنيواد آهي جو ستگرو سوامي سروانند مهاراج جي نالي سيوا سميتي ٺاهي اٿو. ستگرو سوامي سروانند مهاراج جي جنم ڏينهن موقعي تي اوهان وشيش انڪ پرڪاشت ڪري رهيا آهيو. ستگرو مهاراج جي باڻيءَ جو خوب پرچار پرسار ڪريو.

سوامي شانتي پرڪاش مهاراج

ستگرو سوامي سروانند مهاراج

ٽيڪ - سوامي سروانند کي، منهنجي سدا نمسڪار آ،
ستگر ٽيئونرام جي، گاديءَ جو سردار آ.

۱- کٽي ڀٽي رهٽي، سٺي سائينءَ جي سٽي، ڪيا ڌيرج سولعا،
گيان سندر ڀنڊار آ - سوامي سروانند کي ....

۲- ستگر ٽيئونرام ٻي، جوت ٻنهجي لئي ۾ رکي، جي ٿا مولڪان سچ ٻڌو،
ايشور جو اوتار آ - سوامي سروانند کي ......

۳- مرليءَ سان جهومن، مست ڪيو موهن کل برج کي، منڙي واڻيءَ سان ليئن،
موهيو سڀو سنسار آ- سوامي سروانند کي ......

۴- تارن ۾ جئن چندرمان، سوڀهن سڀني کان سٺو، سنتن ۾ سوڀهن ڏيئن،
سنگت جو سينگار آ- سوامي سروانند کي ....

۵- جهڙو سندن نالو آ، تهڙو آنند ڏي سڀن، مهما ڪهڙي مان ڪريان،
پرڀوءَ جو آڌار آ - سوامي سروانند کي ......

۶- دنيا جي ڪنڊ ڪڙڇ ۾، نالو سائينءَ جو وڃي، شانتي پرڪاش جهڙي ڪٽي،
ستگر جو چمتڪار آ - سوامي سروانند کي ....

سوامي شانتي پرڪاش مهاراج

ٽيئونرام مهاراڄ جي جهولي ۾ سنڌ نموني لکي. سوامي جن ٻاڻي ۾ ڪيترا ئي ڀڄن
سنڌي ۽ هندي ڀاشا ۾ لکيا. هن راڄا شنڪرديو ۽ چوڙلا جي ڪٿا، ڀرٿري ۽ ٻڪمتا جي
ڪٿا ۽ واسي ٻليءَ جي ڪٿا هندي ڪاوڻ ۾ لکي. ٻنهجي رچيل ڪاوين ۾ ٻنهجي نالي
بدران سنگرو سوامي ٽيئونرام مهاراڄن جو نالو استعمال ڪندا هئا. سوامي جن هر ڪنهن
جي ڀلي لئي وڏو ڪمٽو لڳائيندا هئا.

سوامي جن ڀرامڻ جي آس پوري ڪرڻ لاءِ ڪين نام جو دان ڏيڻ بئنڪاڪ، هانگڪانگ، منيلا، سنگاپور، جڪارتا، جپان، آمريڪا، لاس ٻال ماس، لنڊن، دبئي ۽ ودياش جي ڪيترن شهرن ۾ ويا.

ٻرم ٻرڪاش منڊل جي سنتن ۽ ڀرامڻ گڏجي گرو مهاراڄن جي آڳيا سان هردوار، دهلي، گواليار، آگري، الهاسنگر، پونا، ممبئي، لکنو، انبور، ڪوٽا، ڪرنال، احمدآباد اجمير شهرن ۾ گرو مهاراڄن جا آشرم ٻڌا ڪيا، جتي سال ۾ هڪ دفعو سوامي سروانند مهاراج منڊلي سميت پڌاريا هئا ۽ اُتي ڏڻن ڪي نام جي امرت سان آباد ڪندا هئا.

۲۱ جولاءِ (3 ساونڻ) سن ۱۹۷۷ ۾ پرڀاٽ جو سوامي جن سنساري سفر سماپت ڪري جيوت ۾ ٻرهم لين ٿيا. سندس آڳيا موجب سندن استول شرير جل سماڌي ڏيڻ لاءِ هردوار ۾ آندو ويو. هزارين ڀرامي سوامي جن جي انتم درشن لاءِ آيا. 23 جولاءِ صبوح جو سندن استول شرير سپت سرور گنگا ۾ پرواهت ڪيو ويو. سڀني سنتن ڀرامڻ جي اکين مان لڙڪ لڙي رهيا هئا. داس به اتي حاضر هو. جڏهن هردوار جي آشرم ۾ سوامي جن جو استول شرير ڪجهه وقت درشن لاءِ رکيل هو ان وقت اتي سنگرو سوامي ٽيئونرام مهاراڄن جي سنگمرمر جي مورتي جي اکين مان به آنسون ٽمڪي رهيا هئا. اهو درشيه ڏسي ڀرامي دنگ رهجي ويا.

سوامي سروانند مهاراج پڪيءَ ۽ شڪتيءَ جا مالڪ هئا ۽ ڏکاري اصل ڪين ڏسندا هئا. هڪ دفعي ڀاور شهر جي هڪ ڀراميءَ جي پٽ گهنشام جي زبان ٻنهجي وئي. ڪيترن ئي ڊاڪٽرن جو علاج ڪيو ويو مگر دوائن ڏک دور ڪين ڪيو. اهو ڀرامي شرڌا رکي جيئور ۾ ٻنهجي پٽ کي وٺي سوامي سروانند مهاراڄن جي شرڻ ۾ آيو ۽ اچي ارداس ڪيائين. سائين جن فرمايو ته ان ڇوڪر کي ٻهراڻ سنگرو ٽيئونرام مهاراڄن جي مورتيءَ اڳيان متو ٽيڪائي اچ. جوان گهنشام کي متو ٽيڪائي هو ويو سوامي سروانند مهاراڄ جي ڪمري ۾ آيا ۽ اچي ارداس ڪيائون. سوامي سروانند مهاراڄن جل ڇڙهي ٻالڪ کي ڇنڊو هڻندي ڪيس چيو "چئو سنڌام ساکي." ٻالڪ جي زبان ٻولي سنڌام ساکي. هاڻ ٻالڪ جي زبان کلي ٿي. سندس ماتا پتا ۽ عزيز گد گد ٿيڻ لڳا. جتي ڪنهن جي ڪين هلي تتي سندن هلئي پئي.

سوامي سروانند مهاراج

ڊاڪٽر ديال ”آشا“

سٽگرو سوامي ٽيئونرام مهاراج جي گادي نشين سوامي سروانند مهاراج جو جنم ۱۲ اسو سنبت ۱۹۵۴ برابر سن ۱۸۹۸ع ۾ پيٽ شاهه ڳوٺ ۾ ڀڳت شيوڪرام وشنداس ڏنواڻيءَ جي گهر ٿيو. سندن جنم جو نالو سيرو هو. سندن ماتا امبوري ٻائي پرڀوءَ جي ڀڳتياڻي هئي. گهر جي ڀڳتيءَ واري ماحول ۾ ٻالڪ سروانند جي پالنا ٿي. سٽگرو سوامي ٽيئونرام مهاراج سندن ماما هئا. ٻالڪ سروانند جن جي خوشقسمتي هئي جو کين ننڍپڻ ۾ ئي سٽگرو سوامي ٽيئونرام مهاراج جو سنگ پراپت ٿيو. سوامي ٽيئونرام مهاراج جو ستسنگ ۽ پروچن شروع ڪرڻ ۾ کين آنند ايندو هو. ڇوڏهن ورهين جي ڄمار ۾ هو سوامي گرمکداس سان گڏجي سٽگرو سوامي ٽيئونرام مهاراج کان گرو منتر وٺڻ لاءِ ويا. هو ٻئي اچي سٽگرو مهاراج ۽ سنگت جي خوب سيوا ڪندا رهيا. سوامي ٽيئونرام مهاراج سندن پريما ڀڳتي ڏسي کين گرو منتر ڏنو.

سوامي ٽيئونرام مهاراج ٻاهر لاءِ نڪرندا هئا ته اهي سڀئي سان گڏ سوامي سروانند مهاراج کي ٻاڻ سان وٺي ويندا هئا. سوامي سروانند مهاراج ايڪانت پريه هئا. هو ڪيترائي دفعا هردوار ويا. هو گهڻو ڪري رشيڪيش ۾ وڃي ڀڳوت ڀڄن ڪندا هئا ۽ اچي رهندي ڪيترائي ڏينهن مؤن ڌارڻ ڪيائون. هر ڇنڇر تي مؤن ڌارڻ ڪندا هئا صرف ستسنگ ڪرڻ وقت ڳالهائيندا هئا. هنن ڪشمير ۽ پنجاب جو به سفر ڪيو. ڪيترا پنجابي سندن پروچن ٻڌي پرڀاوت ٿيا ۽ ڪائين نام جو اپديش ورتائون.

سن ۱۹۴۲ع ۾ سٽگرو سوامي ٽيئونرام مهاراج برهملين ٿيا. پريم پرڪاش جي سنت منڊليءَ سوامي سروانند مهاراج کي سوامي ٽيئونرام مهاراج جي گاديءَ تي ويهاريو. سوامي جن سنڌ جي ڳوٺ ڳوٺ شهر شهر ۾ وڃي نام جو پرچار ڪيو. سندن منهن ۾ مٺيا ۽ ڀڳتيءَ جو اجلو هو، جو درشن ڪندي آنند ايندو هو. ديش جي ورهاڱي کان پوءِ سوامي جن سنت منڊليءَ سميت هردوار ۾ آيا. ۱۹۵۲ع ۾ هنن ڄئپور ۾ امراپور آستان نالي آشرم ٺهرايو. جتي سٽگرو سوامي ٽيئونرام مهاراج جي مورتي استاپن ڪيائون. اتي هر سال وارشڪ اتسو ملهائيندا هئا، جنهن ۾ هند سنڌ ۽ وديش جا هزارين پريمي شرڪ ٿي سٽگرن جي آسيس پائيندا هئا.

سوامي سروانند مهاراج پنهنجي سٽگرو سوامي ٽيئونرام مهاراج جي سموري ٻاڻي سنگره ڪري ”پريم پرڪاش گرنٿ“ روپ ۾ پرڪاشت ڪئي. سوامي جن، سوامي

ॐ


श्री सत्नाम साक्षी

दो शब्द।

विश्व का हर एक प्राणी एक ऐसे सुख की खोज में लगा हुआ हैं जिसका कभी नाश न हो। परन्तु बिना गुरु-कृपा वह सुख मिल ही नहीं सकता। गुरु के पास दो पदार्थ होते हैं एक 'मन्त्र दूसरी 'कृपा'। साधारणतया आज के युग में हर एक गुरु के द्वारा 'मन्त्र' तो हर एक शिष्य को आसानी से मिल जाता है, पर 'कृपा' हर गुरु के द्वारा हर शिष्य को मिलती हैं या नहीं यह संदिग्ध बात है। शास्त्रों के मतानुसार तो गुरु कृपा उस पर होती है जोनित्य निरन्तर सावधानी से गुरु आज्ञा का अक्षरशः पालन करता रहता है। तन, मन, धन और वाणी इन चार प्रकार के भयंकर रोगों से छुटकारा पाना लौकिक अथवा पारलौकिक सुखों का मिल जाना भी गुरू कृपा है। यह कृपा गौण होते हुए भी साधारण गुरु के द्वारा साधन हीन शिष्य को मिल नहीं सकती। उत्तम कृपा कुछ और ही होती है, जो पूर्ण गुरु के द्वारा पूर्ण शिष्य को ही मिल सकती है। गुरु की सम्पति का अधिकारी बन जाना या बनाया जाना, गुरु-कृपा नहीं है जिस कृपा के द्वारा शिष्य को लौकिक, पारलौकिक सुखों से सर्वथा भिन्न एक दिव्य सुख का अनुभव हो, उसका नाम गुरुःकृपा है। गुरु-कृपा प्राप्त मनुष्य एक ऐसे स्थान को प्राप्त कर लेता है जहां रोग, भय बुढापा और मृत्यु आदि पहुंच नहीं सकते। कृपा प्राप्त करने के लिये स्वामी जी ने गुरुदेव की आज्ञाओं का पूरा पालन किया और गुरु-कृपा के सुयोग्य पात्र बन गये। स्वामी जी एक सच्चे गुरु भक्त थे श्री गीता के बारहवें अध्याय में भगवान श्री कृष्ण जी के द्वारा भक्त के जिन-जिन लक्षणों का वर्णन किया गया है, वे सब लक्षण स्वामी जी में थे। सब कुछ होते हुए भी स्वामी जी ने धर्म मर्यादाओं का कभी उल्लंघन नहीं किया। भजन, भोजन से लेकर स्वामी जी का हर कार्य नियम से चलता था विशेष कर स्वामी जी एकान्त में रहते थे, जो मन से उपकार हो सकता है वह धन से नहीं हो सकता है इसलिए स्वामी जी हर शनिवार को उपवास के साथ मौन व्रत भी रखते थे। जंगल, बगीचे, पर्वत, सागर व नदियों के किनारे आदि प्राकृतिक सौंदर्य स्वामी जी को बहुत प्यारे लगते थे। स्वामी जी के पास माताएं-बहिने बहुत आती थी, स्वामी जी सबका आदर करते थे, दो मिनट के बाद पूछते थे कि आप लोगों को कुछ पूछना हो तो पूछो नहीं तो सतसंग में जाकर बैठो। बिना काम सन्तों के पास बैठना अच्छा नहीं है। गुरुदेव आचार्य स्वामी टेऊंराम जी महाराज ने जिस मोक्ष दायक पावन ग्रन्थ श्री योग वाशिष्ठ का आरम्भ अमरापुर दरबार (टण्डा आदम सिंध) में किया था, जिस कथामृत का पान प्रति दिन प्रातःकाल गुरुदेव स्वयं करते थे और शिष्यों को भी करवाते थे; उसी परम्परा के अनुसार स्वामी जी ने भी अमरापुर स्थान जयपुर में वही योग वाशिष्ठ की कथा आरम्भ की। वही पूर्वजों की परम्परा आज दिन तक चली आ रही है। साथ स्वामी जी यह भी समझाते थे कि, जैसे :—राम-राम,राधे-श्याम, जय-राम, नमस्ते, जय श्री कृष्ण, जयशंकर आदि प्रणाम सूचक वचन बोल कर लोग एक दूसरे से मिलते हैं, तैसे हम सभी प्रेम प्रकाशियों का मूल मन्त्र 'सत्नामसाक्षी' है, जो कि हम सब शिष्यों को गुरुदेव आचार्य स्वामी टेऊंराम जी महाराज द्वारा दिया गया है, इसलिए हम प्रेमप्रकाशी जहां कही भी मिलें तो सत्नाम साक्षी कहकर एक दूसरे का कुशल समाचार पूछें, यह एक शिष्टाचार सूचक

शब्द है । प्रेम प्रकाश मण्डल के प्रधान सन्तों शिष्यों और सेवकों का एक पूरा मण्डल (जिसमें लगभग 30-
35 व्यक्ति होते थे) साथ लेकर स्वामी जी ने देश विदेश का भ्रमण कर गुरुदेव स्वामी टेऊंराम जी महाराज के
सत्य सन्देश को घर-घर पहुंचाया, अपनी आंतरिक व बाह्य तीव्र लगन व प्रेरणा से देश विदेश में प्रेमप्रकाश
आश्रमो और प्रेम प्रकाशी मण्डलियों की स्थापना की । स्वामी जी ने तन, मन और वचन से सब जीवों की
सेवा की जिसे हम जीवन भर भूल नहीं सकते । ग्वालियर से प्रकाशित होनें वाली मासिक पत्रिका प्रेम प्रकाश
सन्देश" के संचालकों (स्वामी सर्वानन्द सेवा समिति) को धन्यवाद है, जो स्वामी जी के सत्य सन्देश को जन
साधारण तक पहुंचा कर अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं । हम सब प्रेम प्रकाशियों का यह कर्तव्य होगा
कि हम मासिक पत्रिका प्रेमप्रकाश सन्देश के सदस्य बन कर स्वामी सर्वानन्द सेवा समिति ग्वालियर को प्रोत्सा-
हित करें ।

भवदीय
प्रेम प्रकाशी हरिदास
(जयपुर)



***

* ॐ *

॥ श्री सत्नाम साक्षी ॥



आचार्य १००८ सत्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज

ॐ
सत्नाम साक्षी



सत्गुरु स्वामी सर्वानन्द जी महाराज



सतगुरु स्वामी सर्वानन्द जी महाराज



सत्गुरु स्वामी शांति प्रकाश जो महाराज



स्वामी गुरुमुखदास जी महाराज

परम पूज्यनीय सत्गुरु स्वामी सर्वानन्दजी महाराज के ८५ वें जन्म दिवस के उपलक्ष में हरिद्वार में मनाये जा रहे महोत्सव के शुभ अवसर पर पधारें

सन्त महात्माओं तथा सभी माननीय अतिथियों का हम हार्दिक अभिनन्दन करते हैं।

प्रेम प्रकाश मण्डल, ग्वालियर

कार्य कारिणी

अध्यक्ष— मथुरादास, उपाध्यक्ष— साधूराम, मंत्री— डा. तीरथदास पंजवानी।

सदस्य— ईसरदास, दयाराम, ईदनदास, नारायणदास, नवलमल, शमनमल, जुम्मामल, काशोमल, दियालमल, मन्शामल, सच्चलमल, किशनदास, कन्हैयालाल !

स्वामी सर्वानन्द सेवा समिति ग्वालियर (भारत)

कार्य कारिणी

अध्यक्ष— शंकरलाल सबनानी, उपाध्यक्ष—अर्जुनदास प्रेम प्रकाशी, महासचिव—श्रीचन्द पंजवानी, सचिव— दयाराम कुकरेजा, कोषाध्यक्ष—केशवदास रहेजा, संगठन सचिव —रेवाचन्द, पंजवानी। कार्यकारिणी सदस्य—मोहनलाल गौरेजा, डा. किशोरकुमार मगनानी, हरीओम, गोपीचन्द दयानी, गोपी मंधा, जयकुमार काकवानी, श्रीचन्द माधवानी, प्रहलाद सबनानी, दिलीपकुमार।

—: सदस्य :—

(१) डा. नानकराम
(२) डा. किशनलाल
(३) प्रेमचन्द
(४) ज्ञानचन्द रोहिड़ा
(५) सुरेश पंजवानी
(६) अशोक पंजवानी
(७) राजकुमार पंजवानी
(८) श्यामलाल
(९) रमेश ओटनदास
(१०) तुलसीराम ओटनदास
(११) चन्द्रलाल घनशोमल
(१२) बाधूराम
(१३) विष्णु सोमनानी
(१४) रमेश अर्जुनदास
(१५) महेश लालवानी
(१६) जयपाल
(१७) दिलीपकुमार
(१८) अशोक गुलवानी
(१९) कालूराम पंजवानी
(२०) नरेशकुमार पंजवानी
(२१) मोहनलाल शमनमल
(२२) रमेश कीमतराम
(२३) मुरली हुकमतराय
(२४) परसराम
(२५) विजयकुमार
(२६) ओमप्रकाश लालवानी
(२७) सुदामामल
(२८) गुलाबचन्द सावलानी
(२९) चन्द्रलाल पंजवानी
(३०) रामचन्द गुलवानी
(३१) राजकुमार ठाकुर
(३२) महेश पारप्यानी
(३३) रमेश ईदनदास
(३४) प्रहलादकुमार
(३५) अशोक वाघवानी
(३६) संतोष आहूजा

॥ ॐ ॥

✲ श्री सतनाम साक्षी ✲

"गुरु भक्त सर्वानन्द"

लेखक—**स्वामी हरिदासराम** (जयपुर)



—: प्रार्थना :—

हे ! करुणावरुणालय, सर्व शक्तिमान्, सर्वज्ञ कृपालू गुरुदेव !

संसार के तमाम दुखों एवं मृत्यु के भय से भयभीत होकर उनसे छुटकारा पाने के लिये मैं हर जगह भटका परन्तु कहीं भी सहारा न मिला, अतः कोई रास्ता न देखकर आपकी शरण में आया हूं, आपके सिवा और ऐसा कोई भी नहीं है जो मुझ सरीखे अधम का उद्धार कर सके तथा मुझ सरीखे पतित को पावन बना सके।

आप ही माता, पिता, दाता, गुरु, भगवान और स्वामी हो, मेरी सब आशाएँ आप ही पूर्ण कर सकते हो, हे शरणागत वत्सल गुरुदेव। आपका नाम सुनकर झोली फैलाता हुआ दौड़ा भागा एक ही भरोसा लिये हुए सस्नेह आपके श्री चरणों में आया हूं, मैं अपना-तन-मन-धन आपके चरण कमलों में अर्पण कर आप अन्तर्यामी गुरुदेव से आशीर्वाद सहित अमूल्य नाम की भीख मांगने आया हूं, आपके द्वारा प्रदान किये गये पवित्र नाम को एक साबुन बना कर मैं अपने मन और तन के सभी पाप धो सकूं ऐसी आशीर्वाद करें, हे प्रातः स्मरणीय गुरुदेव आपके श्री चरण कमलों में मैं दण्डवत प्रणाम कर हाथ जोड़कर यही भीख मांग रहा हूं कि आप अपनी निज कृपा कर मुझ धर्म-कर्म हीन असहाय को इस दुख रूपी संसार सागर से पार कर लो-आवागमन का चक्कर मिटादो, आप को नमस्कार है, आपको प्रातः नमस्कार है, आपको दिन में नमस्कार है, आपको सांय में नमस्कार है, आपको रात में नमस्कार है सब ओर से आपको नमस्कार है।

श्री स्वामी टेऊंरामाचार्य
प्रेम प्रकाशी

ॐ

※ श्री सत्नाम साक्षी ※

"गुरू भक्त सर्वानन्द"

नौ (९) वर्ष की कठोर तपस्या के पश्चात् आचार्य श्री स्वामी टेऊंराम जी महारज नें "सीरुराम" को शिक्षा, दीक्षा दी और उनका नाम बदलकर सर्वानन्द रखा।

आचार्य जी के द्वारा दी गई शिक्षाओं का पूरा-पूरा पालन करने के लिये स्वामी जी ने अपने जीवन का बहुतसा समय हिमालय में श्री गंगा जी के पावन तट पर तपस्या करते हुए बिताया था। शेष समय आचार्य जी की सेवा में लगाया। तपस्या के धनी स्वामी जी ने अपना तन, मन, धन और वाणी सहित सब कुछ आचार्य जी के चरण कमलों में अर्पण कर दिया था। स्वामी जी ने अपने जीवन काल में कठोपनिषद, चुड़ाला-रानी, वामन बली आदि इतिहासों की कविता में रचना की और भजन कविता, छन्द, श्लोक आदि बहुत सी वाणी की रचना की थी, परन्तु जब उन्हें गुरु तत्व का पूर्ण ज्ञान हुआ तब समस्त बाणी से अपना नाम हटाकर अपने गुरुदेव का नाम लिख दिया। इस लिये स्वामी जी की रचनायें बहुत कम 'न' के बराबर मिलती हैं। सब कुछ गुरुदेव को अर्पण कर देना हर एक शिष्य के बस की बात नहीं हैं। स्वामी जी में अनन्य गुरु भक्ति थी। स्वामी जी गुरु तत्व के पूरे जानकार थे। गुरु तत्व को अच्छी तरह से समझ लेना भी सब के बस की बात नहीं है। गुरु तत्व का पूर्ण ज्ञान न होने के कारण ही उल्टा प्रचार हो रहा है कि जिसने गुरु नहीं किया है वह 'निगुरा' है। नतीजा यहां तक पहुंचा है कि शिष्य लोग एक गुरु को छोड़कर दूसरे, तीसरे गुरु की तलाश में लगें हुए हैं। बार-बार गुरु बदलते रहते हैं। शिष्य वर्ग का गुरुओं में से विश्वास कम होता जाता है, अशान्ति बढ़ती जाती है। अगर देखा जाय तो कोई भी 'निगुरा' नहीं है। जिस के द्वारा ज्ञान की प्राप्ति हो उसे ही गुरु कहते हैं। पशु, पक्षी और मनुष्यों में से कोई भी ऐसा प्राणीं न होगा जिसकी माता न हो। जन्म देने वाली माता के विषय में वेदों व वेदज्ञ ऋषियों का सत्य कथन है कि ॥मातृ देवो भव॥ नास्ति मातृसमो गुरुः ॥माता के समान न गुरु है न देवता हैं। इन ठोस वेद प्रमाणों से येही मालूम होता है कि जन्म से ही हर एक मनुष्य "सगुरा" गुरु वाला हैं। कोई भी 'निगुरा' नहीं हैं। अगर ऐसी बात हैं तो फिर 'निगुरा' किसको कहते हैं? यहां तक भी कह देते हैं कि निगुरे का मुंह देखने से ही पाप लगता है। समझने की बात है। अगर निगुरे का मुंह देखने से पाप लगता होता तो अर्जुन 78-80 वर्ष की आयु होने पर भगवान श्री कृष्ण जी के शिष्य बने थे। इतनी आयु तक वह भी तो निगुरा रहा होगा और अर्जुन का मुंह तो सब देखते थे, फिर तो सबको पाप लगा होगा। लेकिन पूरे महाभारत में ऐसा कोई भी प्रमाण नहीं मिलता। महाराजा जनक श्री शुकदेव जी, देवर्षि नारद जी, महर्षि शौनक जी आदि ने वेद विद्या का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के बाद ही सद्गुरु को खोज की थी, तो क्या वे सब पहले निगुरे थे? याद रहे। संसार में कोई भी निगुरा नहीं है। निगुरे का भूत लगाकर आम जनता को डराया, धमकाया और भ्रम में डाला जाता है। इतिहासों को तोड़ मरोड़ कर आम जनता को और भी गहरे

अन्धकार में डाला जाता है। वेद, पुराण, शास्त्र और सन्त महात्मा हमें बार-बार सावधान करते हैं कि जिसने गुरु नहीं किया है तो वह निगुरा नहीं है। गुरु करने से पहले विचार करो ।।पानी पीवो छान के, गुरु करो पछान के ।। जो कोई माता पिता की आज्ञा नहीं मानता, माता पिता का (शक्ति रहते) पालन पोषण नही करता उल्टा माता पिता का अपमान करता है वह निगुरा है। स्त्री को घर से निकालने वाला स्त्री की हत्या करने वाला, दहेज लेने वाला, निगुरा है। जो नारी सासु ससुर व पति का अपमान करती है और सेवा नहीं करती वह निगुरी हैं। जो भी बिना सोचे समझे गुरु करता है वह निगुरा है जो किसी के बाहरी रंग ढंग को देख कर मीठी चुपड़ी बातों में फंसकर लोभ लालच में फंसकर चालबाजों के चक्कर में आकर गुरु करता है वह निगुरा हैं। जिसे जबरदस्ती मजबूर कर शिष्य बनाया गया हो वह भी निगुरा है। चोरी करने जुआं खेलने वाले, झूठ बोलने वाले, निंदा करने वाले, चुगली मारने वाले, मांस, शराब खाने पीने वाले, अत्याचार करने वाले आदि सब निगुरे हैं। क्योंकि गुरु के द्वारा हर एक शिष्य को सत्य धर्म का उपदेश मिलता है, फिर जो गुरु-आज्ञा नहीं मानता वह निगुरा है। परन्तु गुरु न करने वाला निगुरा नहीं है। जैसे लड़की जब तक विवाह नहीं करती तब तक वह कुमारी कहलाती है, फिर भले ही वह पचास, सौ वर्ष की क्यों न हो जाय फिर भी उसे कुमारी ही कहा जायगा। पर उसे विधवा नहीं कहा जा सकता। पर विवाह के बाद अगर उसके पति का स्वर्गवास हो जाय, फिर भले ही वह बीस वर्ष की क्यों न हो उसे विधवा ही कहा जायगा तैसे ही जब तक जिसने गुरु नहीं किया है तब तक वह सगुरा है (गुरुवाला) है, परन्तु गुरु करने के बाद गुरु की आज्ञा न मानने वाला या गुरु बदलने वाला निगुरा है। आचार्य श्री स्वामी टेऊंराम जी महाराज के द्वारा प्रेम प्रकाश पंथ (सम्प्रदाय) के आचार विचार के सत्य उपदेश को पूर्ण रूप से समझने एवं ग्रहण करने वाले तपोधन महा मण्डलेश्वर श्री स्वामी सर्वानन्द जी महाराज और अवधूत वीत राग श्री स्वामी गुरुमुखदास जी महाराज थे। ऐसा कहना सत्य होगा कि ब्रह्म रूप आचार्य श्री स्वामी टेऊंराम जी महाराज की दाईं आंख सूर्य रूप सर्वानन्द थे तो बांई आंख चन्द्रमा रूप स्वामी गुरुमुखदास थे। आचार्य की तरह स्वामी जी ने भी खूब अन्न दान किया था। अन्न दान के लिये स्वामी जी ने भी आम जनता अथवा शिष्यों से एक पैसा तक नहीं मांगा। न ही चन्दा किया या करवाया। क्योंकि पैसे मांग कर या चन्दा इक्ट्ठा कर अन्न दान करना, गरीबों की सहायता करना या अच्छे धर्म-कार्य चलाना ये गृहस्थियों, बनियों और व्यापारियों के काम हैं। सन्तों और गुरुओं का यह धर्म नहीं है। अगर सन्त और गुरु लोग भी मांगते फिरेंगे तो आम जनता और भी अन्धकार में चली जायेगी।

दोहाः- अन मांगा तो अति भला, मांग लियो नहिं दोष।
उदर समाता मांग ले, निश्चय पावे मोक्ष ।।

श्लोकः- द्वाविमौ पुरुषौ लोके, सूर्यमण्डलभेदिनौ।
प्रभुश्च क्षमया युक्तो, दरिद्रश्च प्रदानवान् ।।

अर्थः-वेद के जानने वाले अनुभवी ऋषियों के वचन है कि इस नश्वर संसार में से दो ही मनुष्य स्वर्ग से भी ऊपर जाते हैं। एक शक्तिशाली होकर भी धर्म, मर्यादा में चलने वाला, दूसरा गरीबी में भी दान करने वाला। आचार्य जी स्वयं इस वेद तत्व के मर्मज्ञ थे। तभी तो वे न तो चंदा करते थे न ही मांगते थे। स्वामी जी ने आचार्य जी के वचनों का पूरा-पूरा पालन किया और आचार्य जी के वचनों को घर-घर पहुंचाया। आचार्य की तरह स्वामी जी भी परोपकारी परमउदारी व महा दानी थे। स्वामी जी को जो कुछ भी जरूरत पड़ती थी वह सब अपने इष्ट आचार्य जी से मांगते थे। क्योंकि स्वामी जी गीता आदि शास्त्रों के मर्मज्ञ थे। जैसे अर्जुन के भगवान् श्रीकृष्ण जी गुरु भी थे तो इष्ट भी थे। भगवान् ने स्वयं गीता में अर्जुन को कहा है कि मुझ से परे कोई तत्व नहीं है। सब धर्म सब भरोसे छोड़कर एक मेरी शरण में आजा मेरी कृपा से आप संसार सागर से पार हो जाओगे। ऐसे कई प्रमाण शास्त्रों में मिलते हैं। पर बिना गुरु-कृपा यह इष्ट, गुरु का गहन तत्व जाना नहीं जा सकता। गुरु

कृपया इस पेज के पश्चात् पेज नं० १३ पढ़ें, १३ के उपरान्त १२ पढ़ें। असुविधा के लिये हमें खेद है।

—धन्यवाद

कबीर जी कहते है कि लगभग दुनिया के सभी लोग अपनी नाम मशहूरी के लिये मरते सिर पटकते हैं। खुशामंद, चापलूसी और आगा पीछा करते फिरते हैं। बार-बार अखबारों में जरा सी बात के लिये भी फोटो सहित खबरें छपवाते फिरते हैं। आम जनता के सामने अनेक प्रकार के हाव-भाव दिखाते फिरते हैं। नाम मशहूरी का एक और अनोखा तरीका खोज निकाला गया है। वह यह कि बड़े दिनों के साथ अपना जन्म दिन जोड़ लेते हैं। मन में भावना नाम मशहूरी की रहती है। बड़े दिन जैसे रामनवमी, व्यास पूर्णिमा, रक्षा बन्धन, जन्माष्टमी, शरद् पूर्णिमा, बसन्त पंचमी आदि बड़े दिन तो वैसे ही उत्सव के साथ मनाये जाते हैं। अगर मैं भी अपना जन्म दिन बड़े दिनों में से किसी के साथ जोड़ लूंगा तो साथ-साथ में मेरी भी नाम मशहूरी हो जायगी।

भक्तवर कबीर जी कहते हैं कि मेंने तो अपना सब कुछ गुरु देव को अर्पण कर दिया हैं अब दुनिया वालों से दोस्ती यारी से कुछ फायदा नहीं मिलेगा। स्वामी जी का भी भक्तवर कबीर की तरह अनुभव अनोखा था। जैसे कि स्वामी जी का जन्म सिंधी महीने 'असू' की बारह (12) तारीख को हुआ था। अगर स्वामी जी भी अपनी नाम मशहूरी चाहते तो अपना जन्म दिन विजयादशमी के साथ जोड़ देते। आम जनता को क्या मालूम कि स्वामी जी का जन्म दिन सही हैं या गलत। आम लोग तो स्वामी जी के वचनों पर विश्वास कर लेते। परन्तु जिनको गुरु ने सत्य का पाठ पढ़ाया है वे सत्यवादी महापुरूष अपना नाम और जन्म दिन कभी नहीं छिपाते। सत्य के प्रताप व प्रभाव से उन्हों की नाम मशहूरी अपने आप हो जाती है। उन्हे छल कपट, दम्भ, पाखन्ड आदि का सहारा नहीं लेना पड़ता। आचार्य श्री स्वामी टेऊंराम जी महाराज का जन्म सिंधी महीने आखाड़ की चौथीं (4) तारीख को हुआ था, अगर आचार्य जी भी अपनी नाम मशहूरी चाहते तो गुरू पूर्णिमा के साथ अपना जन्म दिन जोड़ देते।

वेद विशेषविज्ञ वेदान्त मार्तन्ड आचार्य श्री स्वामी

टेऊंराम जी महाराज को भी प्रेमी लोगों ने प्रार्थं
थी कि हे भगवन्। आपका पावन नाम त्रिलो
होना चाहिये। आचार्य जी ने समझाकर कहा वि
रूप तो मिथ्या और नश्वर है, फिर उन्हे बदलन
बुद्धिमानी नहीं है। सिधी महिनों की चौथीं
बारहवीं तारीखें कोई खास बड़े दिन नहीं है। प
पुरुषों के संग को पाकर दोनों बड़े दिन हो गये।
जी ने अपने जीवन काल में गुरु मन्त्र को नहीं
क्योंकि वे जानते थे, कि गुरु मंत्र को बदलनें से
कुछ बदल जायेगा। गुरु परम्परा बिगड़ जायगी
परम्परा के बिगड़ जाने से लक्ष्य की प्राप्ति नहीं
शिष्य लोग भटक जायेंगे, गुरु द्रोह का बड़ा भारं
लगेगा। गुरु जी के द्वारा जो मन्त्र मिलता है ब
मन्त्रों से बड़ा है। और पंथ की जड़ है। इस गह
को स्वामी जी अच्छी तरह से जानते थे। इसलिये
परम्परा को बनाए रखने में कोई कसर न
आचार पद्धति या नियम॥ आचार्य द्वारा बताए
जिन नियमों का स्वामी जी ने पालन किया वे
प्रकार हैं। सोना न पहनना, सादे कपड़े पहनना,
भोजन करना, सत्य का उपदेश करना, रुपये पैसे य
पदार्थ (बिना भोजन के) न अपने लिये न पराये
मांगना। न शिष्यों से न आम लोगों से मांगन
सीधा मांगना न उल्टा मांगना, न धर्म-कार्यों के
मागना, जादू टोना करना, धागा, रक्षा, तावीज
दवाई करना, हाथ देखना, जन्त्र मन्त्र करना या
झाड़ फूंक करना आदि आम जनता को भ्रम में
वाले कर्म न करना, बिना बुलाए किसी के घर न
अपने आश्रम के सिवा किसी गृहस्थी के घर में न
जहां अपना आश्रम न हो वहां किसी गृहस्थी के
उनकी राय बिना न ठहरना। उपरोक्त सभी निय
स्वामी जी ने पूरा पालन किया था।

आचार्य जी ने स्वयं सत्य धर्म का पालन
था। एक बार की बात है, आचार्य जी मण्डली
घोटाणा नामक गांव में थे। वहां पर सुथिरा
जाति के कुछ जुआरी लोग जुआ खेलने आये,
तोलाराम नामक एक बणिये के साथ जुआ खेल

कृपा तब होगी जब गुरु की आज्ञा का पूरा-पूरा पालन किया जायेगा। गुरु और गुरु-मूर्ति की सेवा पूजायें सगुण साकार उपासना है। गुरु-आज्ञा का पालन ये निर्गुण निराकार उपासना है। गुरु आज्ञा का सम्बन्ध पंथ (सम्प्रदाय) से रहता है।

पंथ की परिभाषा ॥ **सम्यक् प्रदीयत इति सम्प्रदाय** ॥ परम्परा से गुरु के द्वारा शिष्यों को जो मन्त्र, जो दीक्षा आराधना (उपासना) पद्धति (विधि) और आचार पद्धति (नियम) प्रदान की जाती है, उसे पंथ कहते हैं। "एक मन्त्र, एक दीक्षा, एक उपासना, एक आचार पद्धति" प्रेम प्रकाश पंथ के नियम अनुसार आचार्य श्री स्वामी टेऊँराम जी महाराज ने स्वामी जी को सगुण मन्त्र 'सत् नाम साक्षी' और निर्गुण मन्त्र 'सोऽहम्' का उपदेश किया था। स्वामी जी ने ये दोनों मन्त्र शिष्यों को विधि सहित प्रदान किये थे। साथ में ध्यान एवं पूजा के लिये आचार्य जी की मूर्ति देते थे। स्वामी जी अपनी मूर्ति भी देते थे लेकिन शिष्यों को यह आदेश देते थे कि पूजा एवं ध्यान आचार्य जी की मूर्ति का ही करें।

मुझ में और मेरी मूर्ति में इतनी शक्ति नहीं है, जितनी कि आचार्य एवं आचार्य जी की मूर्ति में शक्ति है। स्वामी जी हमेशा यह कहा करते थे कि गुरु महाराज में महान् शक्ति है। स्वामी जी ने आचार्य जी की शक्ति के कई चमत्कार देखे थे। रावलपिण्डी (पंजाब पाकिस्तान) में स्वामी जी ठहरे हुए थे, तब की बात है, स्वामी जी स्वयं सुनाते थे कि लाला हरीचन्द की लड़की का जिस लड़के के साथ विवाह होने वाला था, उसे जलंधर की बीमारी थी, लाला हरीचन्द ने स्वामी जी को सारी बात बता कर प्रार्थना की कि अब क्या किया जाय? सारी बात सुनकर स्वामी जी ने हरीचन्द को धैर्य व विश्वास दिलाते हुए कहा कि घबड़ाने की कोई जरूरत नहीं है। मैं अभी गुरु महाराज जी से पूछ कर बताता हूं।

एक घण्टे के बाद आप मुझ से पूछना। ऐसा कह कर स्वामी जी गुरु महाराज जी की मूर्ति के ध्यान में बैठ गये। कुछ देर के बाद बाहर आकर स्वामी जी ने हरीचन्द को कहा कि गुरु महाराज ने विवाह के लिये आज्ञा दे दी है। आप जा कर विवाह की तैयारी करो। आज्ञा पाकर हरीचन्द ने जा कर विवाह कार्य सम्पन्न किया। सुबह को लाला हरीचन्द लड़की और दामाद के साथ प्रसाद लेकर स्वामी जी के पास आये। रात में हुई सारी घटना सुनाकर लाला हरीचन्द का दामाद कहने लगा कि विवाह के बाद तबीयत ठीक न होने के कारण मुझे नींद तो नहीं आ रही थी फिर भी जरा सी आंख लग गयी। सपने में क्या देखता हूं कि गेरू रंग का लम्बा चोला पहने हुएं हाथों में लाठी और कमन्डल लिये हुए सफ़ेद दाढ़ी वाले एक महात्मा जिसका चेहरा तेज से चमक रहा था, मेरे सामने खड़ा है उसने मुझे लाठी मार जगाया और पूछा क्या है? फिर अपने कमंडल में से पानी निकाल कर मेरे मुंह में डाला और मेरे शरीर पर छिड़का, मैं ने ज्यों ही प्रणाम करना चाहा तो आंख खुल गयी। अब मैं बिल्कुल ठीक हूं, मुझे कोई बीमारी नहीं है।

लाला हरीचन्द परिवार सहित स्वामी जी की महिमा गाने और स्तुति करने लगे। यह देख कर स्वामी जी ने उन्हें रोक कर कहा कि लाला हरीचन्द जी आप जल्दी में भूल गये। ये सब महिमा गुरु महाराज की है। वे ही स्तुति के योग्य हैं। आप मेरी महिमा गा कर मुझे शर्मिंदा न करें। गुरु महाराज तो अति दयालू हैं आप के दिल की दर्द भरी पुकार सुनकर आये और आपकी चिन्तायें मिटा दी। आप उन्हे भूलो मत। गुरु महाराज में पक्का विश्वास रखो। स्वामी जी का व्यक्तित्व कैसा निराला था। उनका जीना मरना आचार्य के लिये था। स्वामी जी न तो अपना नाम चाहते थे न अपनी कीर्ति चाहते थे। भक्तवर कबीर जी के शब्दों में—

खलक सब नाम अपने को,
बहुत कर सिर पटकता है॥
हमन गुरु नाम रांचा है,
हमें दुनिया से यारी क्या॥

तक कि तोलाराम ने पांच सौ रुपये में अपनी स्त्री को दाव पर लगा दिया, वह दाव भी सुधरे जीत गये। तोलाराम को कहने लगे कि या तो पांच सौ दो या अपनी स्त्री हमें दे दो। यह बात सारे गांव में फैल गई। कुछ लोग आचार्य जी के पास दौड़ कर आये और सारा समाचार निवेदन कर कहने लगे हे भगवन्, धर्म की रक्षा करो। समाचार जानकर आचार्य जी धर्म-संकट में पड़ गये। एक तरफ तो आचार्य जी ने पैसा न मांगने की प्रतिज्ञा कर रखी थी, दूसरे तरफ समाज पर आया ये भारी संकट। आचार्य जी ने दोनों बातों को विचार की कसौटी पर कसा, फिर चल पड़े, वहां पहुंच कर कुछ पैसे पंचों से लेकर बाकी सब अपने पैसे देकर हिन्दू धर्म की रक्षा की आचार्य जी ने अपने पूरे जीवन काल में एक बार वह भी धर्म-रक्षा के लिये पैसे मांगे थे। आचार्य जी स्वयं-शक्ति सम्पन्न थे, आम जनता को धर्म का तत्व कर्म से समझाते थे। वार्षिक चैत्र मेला (जो कि आचार्य जी ने स्वयं आरम्भ किया था, जिसे सिंध का कुम्भ मेला कहा जाय तो बड़ी बात न होगी, जो आज भी अमरापुर स्थान जयपुर राजस्थान में प्रति वर्ष मनाया जाता है) अमरापुर स्थान टण्डे आदम (सिंध) में लगने वाला था। नगर के कुछ बड़े धनी मानी लोग आचार्य जी के पास मिलने के लिये आये। समाचार देते हुए निवेदन कर कहने लगे कि आचार्य जी! मेले में बहुत लोग आ रहे हैं सो हमारी इच्छा है कि हम लोग भी कुछ सेवा करें, चावल, दालें, आटा, घी, गुड़, चीनी, मसाले आदि मेले में काम आने वाले सभी पदार्थों का प्रबन्ध हम कर लेंगे केवल आप आशीर्वाद व आज्ञा करें। सेठ लोगों की बात सुनकर आचार्य जी ने मुस्कराते हुए कहा कि अगर आप लोगों की सेवा करने की इच्छा है तो आप सब लोग अपने पूरे परिवार व मित्रों सहित जब तक मेला है तब तक यहां आकर भोजन करें और भजन सत्संग भी सुनें। आचार्य जी के वचन सुनकर सब लोग आश्चर्य में पड़ गये और कुछ भी न समझ सके। जिसका गुरु देव भगवान् सहायक हो, भला उसे किस बात की कमी।

आचार्य जी का अपने गुरु देव में पूर्ण विश्वास था, तभी तो वे निश्चित रहते थे, किसी से कुछ भी नहीं मांगते थे। एक बार आचार्य जी ने सन्त कृष्णदास जी को बुलाकर कहा कि यह जो उपजाऊ जमीन अपने आश्रम के साथ में खाली पड़ी है वह सब जिस भाव में मिले सरकार से खरीद कर ले आओ। आज्ञा पा कर सन्त कृष्णदास जी 75 रूपये के हिसाब से 32 बीघा जमीन खरीद कर आया। जब कि उस समय जमीन का भाव 25, रूपये बीघा था। दो दिन के बाद हैदराबाद के वकील श्री टहलराम जी आचार्य जी के पास दर्शन करने के लिये आये। जब उन्हें जमीन के बारे में बात मालूम हुई तब उसने आचार्य जी से निवेदन की कि हे भगवन्। अगर आपकी आज्ञा हो तो जमीन के पैसे जो ज्यादा दिये गये हैं वे सब वापिस दिलवा दूं। आचार्य जी ने पूछा वो कैसे? वकील ने कहा कि आपको केवल यह कहना पड़ेगा कि मैंने सन्त कृष्णदास को "जमीन खरीद कर ले आओ" ऐसा कहा था। वकील की बात सुनकर आचार्य जी कहने लगे कि मैंने तो यह कहा है कि "जिस भाव में मिले खरीदकर ले आओ" यह सत्य है कि जिस समय मैंने सन्त कृष्ण दास को कहा था उस समय और कोई भी नही था। परन्तु सूर्य, अग्नि, आकाश, वायु, धरती और दिन के देवता तो देख और सुन रहे थे। और सबसे बड़ी बात तो मैं स्वयं वहां पर था। फिर अपने वचन को झूठा कैसे करू। मैं समझता हूं कि सरकार ने सन्तों के साथ धोखा किया है। पर मिथ्या बोलकर मैं अपने आपसे धोखा कैसे करूं। जमीन, धन, शरीर महल-मकान और आश्रम इन सभी को तो एक न एक दिन छोड़ना ही पड़ेगा। इसलिये में अपने वचन को झूठा नहीं करूंगा। आचार्य की तरह स्वामी जी भी अपना वचन कभी भी मिथ्या नहीं करते थे। सत्य धर्म ही जिनका आधार है ऐसे महापुरुषों को ही पूर्ण सद्गुरु कहते हैं। पूर्ण सदगुरु के सिवा न तो केवल मोक्ष मिल सकता है न ही मानसिक व शारीरिक रोगों से छुटकारा मिल सकता है। ऐसे गुरु और शिष्य दोनों ही दुलर्भ मिलते हैं। भक्त बन कर भगवान् को ढूंढोगे तो हजारों भगवान् मिल जायगें। शिष्य बन कर गुरु की तलाश में निकलोगे तो हजारों गुरु मिल जायेंगे। वेश्या बनकर पति की खोज

में निकलोगी तो हजारों पति मिल जायेंगे ।

हमारे पूर्वज भगवान् बनकर भगवान् की खोज करते थे। गुरु बनकर गुरु की खोज करते थे। मतलब तो वेदों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के बाद ही सद्गुरु की खोज करते थे। क्योंकि ब्रह्म ज्ञान की जटिल समस्या जैसी पहले थी वैसी अब भी है। जैसे तबला भी हो, तबला सीखने वाला भी हो तबला मास्तर भी हो। सीखने व सिखलाने वाले में लगन भी हो तब जा कर तबले का पूर्ण ज्ञाना होता है। तबला सीखने वाला व तबला मास्तर दोनों हों पर तबला न हो तो तबले का ज्ञान कैसे हो सकता है। तबले को बजाकर ही विद्यार्थी को सिखाया व समझाया जाता है। तैसे ब्रह्म का ज्ञान सीखने वाला शिष्य भी हो और सिखलाने वाला गुरु भी हो परन्तु जिस पर ब्रह्म का ज्ञान सीखा जाय वह ब्रह्म कहां है? जब तक ब्रह्म सामने न होगा तब तक ब्रह्म का ज्ञान नहीं हो सकता। मन और इन्द्रियों को वश में रखने वाले देवर्षि नारद जी और महर्षि शौनक जी आदि भी ब्रह्मज्ञान को बड़ी मुश्किल से समझ सके थे। तब जरा-जरा सी बात में झूठ बोलने वाले, जरा-जरा सी बात में हंसी मजाक करने वाले जरा-जरा सी बात पर क्रोध करने वाले, जरा-जरा सी चीज के लिये तरसने वाले, ब्रह्म ज्ञान के इस गहन तत्व को क्या समझ पायेंगे और कब समझ पायेंगे यह कहा नहीं जा सकता। आचार्य श्री स्वामी टेऊँराम जी महाराज ने ब्रह्म को सामने रख कर स्वामी सर्वानन्द महाराज और स्वामी गुरुमुखदास जी महाराज को ब्रह्म का ज्ञान समझाया और सिखाया था। ब्रह्मर्षि वसिष्ठ जैसा गुरु न हुआ न होगा, ऐसे मुनि वसिष्ठ जी से एक बार राम जी ने यह सवाल पूछा था कि जहां कहीं भी सत्संग होता हो तो वहां जाकर सत्संग सुनने से क्या ब्रह्म ज्ञान हो सकता है? प्रश्न का उत्तर देते हुए मुनि वसिष्ठ जी राम को कहने लगे कि जब तक मन में तामसी राजसी और सात्विक इच्छाओं का जाल फैला हुआ है तब तक लाख सत्संग सुनने पर भी ब्रह्म ज्ञान समझ में नहीं आयेगा और सत्संग सुने बिना भी पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति नहीं होगी। इसलिये तुम्हें सत्संग सुनने की आज्ञा देता हूं।

परन्तु एक बात का पूरा ध्यान रखना होगा, वह यह कि सत्संग करने वालों से भूलकर भी बातचीत मत करना। फिर चाहे वे गेरू वस्त्रों में हो चाहे सफेद वस्त्रों में हो चाहे किसी भी वेशभूषा में क्यों न हो। अगर भूल कर भी तुम ने सत्संग करने वालों से बात-चीत की तो बातों में फंस जाओगे और पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति नहीं होगी। सच्चे गुरु लोग माता पिता से भी बढ़कर शिष्यों का ध्यान रखते हैं। वे स्वयं पूर्ण होते हैं उन्हें शिष्यों से कुछ भी नहीं मांगना पड़ता इसलिये सत्य का उपदेश देते हैं। आचार्य की तरह स्वामी जी भी सत्य-उपदेश देते थे। स्वामी जी के पास कोई शिष्य बनने के लिए आता था तो सबसे पहले उससे यह पूछते थे कि आप ने पहले गुरु किया है? अगर कहता 'हां' पहले गुरु किया है तो स्वामी जी उसे सत्य का उपदेश दे कर प्रेम से समझाते थे कि दूसरा गुरु करना पाप है, जो दूसरा गुरु करता है वह गुरु घाती होता है, उसे परलोक में बहुत पीड़ाएं दी जाती है। अगर किसी कारण तुम्हें गुरु से नफरत आ गयी है तो उनके पास भले मत जाओ पर दूसरा गुरु मत करो। अपने गुरु के दिये गये मन्त्र का जप करते रहो तुम्हें फल मिल जायेगा। अगर कोई माता बहिन शिष्य बनने के लिये आती थी तो स्वामी जी उन से पूछते थे कि आप माता पिता, पति, सास ससुर आदि घर के बड़ों से आज्ञा ले कर आयी हो? अगर नहीं तो आज्ञा लेकर आओ। स्वामी जी का सत्य सन्देश अभी भी गूंज रहा है। स्वामी जी हमेशा कहा करते थे कि जिसके घर में माता पिता है उन्हें तीर्थ यात्रा करने की जरूरत नहीं है, माता पिता की सेवा से उन्हे तीर्थ यात्रा का फल घर बैठे मिल जायगा।

माता अथवा बहिन को भी तीर्थ यात्रा करने की जरूरत नहीं है उन्हे भी पति सास ससुर की सेवा से सब तीर्थों का फल घर बैठे मिल जायेगा। हर एक को अपने-अपने धर्म में लगाने वाले को ही गुरु कहते हैं। स्वामी जी हर एक मनुष्य को अपने-अपने कर्तव्य कर्म

में लगाते थे। माताओं बहिनों के लिए खास सत्य उपदेश देते थे कि उन्हे मन्दिरों में टिकाणों में कुएं पर और सन्तों के पास न दोपहर को न रात को जाना चाहिए, अगर जाना भी पड़े तो पिता, भाई पति के साथ जाना चाहिए। बहुत देर तक वहां नहीं बैठना चाहिए। स्वामी जी ने देश विदेश का खूब सैर (भ्रमण) कियां परन्तु धर्म मर्यादा को नहीं भूले। जिस आश्रम या जिस घर में ठहरते थे तो हर कार्य वहां के अध्यक्ष से पूछ कर करते थे, यहां तक कि भोजन का निमन्त्रण भी अध्यक्ष से पूछ कर मानते थे, टहलने के लिए जाते थे तो भी अध्यक्ष को बताकर जाते थे। वास्तव में स्वामी जी के लिए कोई बंधन नहीं था फिर भी स्वामी जी धर्म मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं करते थे। सत्य धर्म मर्यादा के मार्ग पर चलना ही तो एक बड़ा चमत्कार है। स्वामी जी की वाणी से सदा सरलता, मधुरता की धारा बहती रहती थी। स्वामी जी हमेशा कहते थे कि अगर अच्छे कर्म नहीं कर सकते हो तो बुरे कर्म मत करों। किसी का भला नहीं कर सकते हो तो बुरा भी मत करो।

इति शुभम्

धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, प्रेम का प्रकाश हो ॥

कृतज्ञ :

(प्रेम प्रकाशी हरिदास)

जयपुर

ईसा ने क्या कोई जत्था बनाया था ? नहीं, नहीं। बेचारा अकेला ही रहा। शंङ्कराचार्य ने क्या कोई जत्था बनाया था ? नहीं बेचारा अकेला ही रहा। प्रत्येक प्राणी को अवश्य अकेले रहना चाहिए, अकेले खड़े होना चाहिए, हर एक को अपने भीतर परमेश्वर का बोध और साक्षात्कार करना चाहिये। जिस क्षण तुम्हें अभ्यन्तरात्मा का बोध हो जायगा, जिस क्षण तुम्हें उसका अनुभव हो जायगा और तुम दिव्य जीवन बिताने लगोगे, उसी क्षण वेदान्त तुम्हारे भीतर से वैसे ही फूट निकलेगा जैसे सूर्य से प्रकाश।

□ **स्वामी रामतीर्थ**

सन्त स्वामी सर्वानन्द महाराज

लेखक—डॉ० दयाल कोटूमल धामेजा "आशा" (उल्हास नगर)

सन्त स्वामी सर्वानन्द महाराज का जन्म सन् 1898 ई. में हैदराबाद सिन्ध के भिटशाह गांव में भक्त शेवकराम विशनदास धनजाणी के घर में हुआ। उनकी माता का नाम ईश्वरीबाई था। श्री शेवकराम एवं ईश्वरीबाई संत सेवी एवं ईश्वर भक्त थे। घर के भक्तिमय वातावरण में बालक सर्वानन्द जी का लालन पालन हुआ। सिन्ध के महान सन्त स्वामी टेऊंराम महाराज उन के मामा थे। बालक सर्वानन्द का भाग्योदय हुआ कि बचपन में ही उन्हें स्वामी टेऊंराम महाराज का संग प्राप्त हुआ। उनके संग-संसर्ग में श्री सर्वानन्द का मन संसार से उब गया और मन की वृत्ति भगवद् भक्ति में लग गई। वे स्वामी टेऊंराम महाराज की सेवा में लगे रहते थे। उन्होंने स्वामी टेऊंराम महाराज से गुर मंत्र की दीक्षा ली।



स्वामी सर्वानन्द महाराज कई बार हरिद्वार गये, वे वहां अधिक समय ऋषिकेष में व्यतीत करते थे। ऋषिकेष उनका प्रिय स्थल था। वे वहां एकांत में भगवद् भजन करते थे, कई दिन मौन भी धारण करते थे, वे भाव विभोर होकर भजन भी गाते थे।

वे अपने सतगुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के साथ सिन्ध के विभिन्न नगरों में नाम कीर्तन करते रहे। स्वामी टेऊंराम महाराज के ब्रह्मलीन होने के पश्चात् वे ही उनके धर्मपीठ के उत्तराधिकारी हुए। अपने गुरु की भांति उन्होंने भी अपनी वाणी एवं प्रवचनों द्वारा हजारों जिज्ञासुओं का मार्गदर्शन भी किया।

देश विभाजन के पश्चात् स्वामी सर्वानन्दजी महाराज जयपुर (राजस्थान) में स्वामी टेऊंराम प्रेम प्रकाश आश्रम अमरापुर दरबार की स्थापना की। भारत के विभिन्न नगरों में जाकर ज्ञान की ज्योति जगाई। उन्होंने सनातन धर्म, वेदांत एवं सामाजिक कुप्रथाओं के विरुद्ध व्याख्यान दिये। उनकी प्रेरणा से भारत के विभिन्न नगरों बम्बई, पुणे, उल्हासनगर, अहमदाबाद, लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, आगरा, अजमेर. हरिद्वार, इन्दोर नगरों में प्रेम प्रकाश आश्रमों की स्थापना हुई। ये आश्रम भक्ति, ज्ञान एवं सेवा के केन्द्र हैं।

स्वामी जी के प्रेमी न केवल भारत के भिन्न-भिन्न नगरों में हैं किन्तु विदेश के विभिन्न नगरों में भी हैं। प्रेमियों के अनुरोध पर स्वामी सर्वानन्द महाराज जी थाईलैंड, मनीला, हांगकांग, बैंकांग, सिंगापुर, अमेरिका, जापान इत्यादि देशों में गये जहां उन्होंने वेदांत भक्ति एवं भारतीय संस्कृति सम्बन्धी व्याख्यान दिये और प्रेमियों की प्यास पूरी की।

स्वामी सर्वानन्द महाराज आध्यात्मिक मार्गदर्शक थे, महान संत एवं दार्शनिक थे। उनका दर्शन करने से ही अनुपम शांति की प्राप्ति होती थी। 21 जुलाई सन् 1977 ई. में स्वामीजी ब्रम्हलीन हुए। उनकी इच्छानुसार उन्हें हरिद्वार में गंगा नदी में जल समाधि दी गयी। उनका गंगा मैया के साथ लगाव था। वे अपने एक पद में कहते हैं :

गुन गोबिन्द का गाऊंगा मैं तो गंगा के किनारे।
जान जगत की झूंठी यारी, तप करने की करी त्यारी,
देखूंगा गिरिधारी मैं तो गंगा किनारे।

स्वामीजी ने अन्तिम यात्रा में भी अपनी उपर्युक्त काव्य पंक्ति को सार्थक किया। न केवल सिन्धी परन्तु कई पंजाबी भाई बहने भी स्वामी सर्वानन्द महाराज के परम श्रद्धालु भक्त हैं।

काव्य रचना :—स्वामी सर्वानन्द महाराज ने परम्परा से प्रभावित होकर काव्य रचना की है। स्वामी सर्वानन्दजी के गुरू स्वामी टेऊंराम महाराज सिन्ध के महान सन्त कवि थे, उनके सम्पर्क में रहने के कारण स्वामी सर्वानन्द ने भक्ति साधना के साथ-साथ काव्य साधना भी की। उन्होंने स्वरचित काव्य में अधिकतर अपने सत्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का नाम प्रयोग किया हैं, कहीं कहीं अपना नाम भी प्रयोग किया है। उन्होंने सिन्धी एवं हिन्दी में काव्य सृजन किया है। उनके तीन हिन्दी खण्ड काव्य प्रकाशित हुए हैं, जिन में उन्होंने सत्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का नाम प्रयोग किया है और उनके कुछ अप्रकाशित पद भी उपलब्ध हैं। उनके निम्नलिखित तीन खण्ड काव्य हैं।—

1. **कथा राजा शिखरध्वज और चूड़ाला रानी की।**
2. **वामन--बलि।**
3. **यमराज और नचिकेता।**

स्वामी सर्वानन्द महाराज ने भारतीय राग रागनियों के आधार पर भी कुछ हिन्दी पद लिखे हैं।

गुरु महिमा :—स्वामी सर्वानन्द महाराज गुरु की महिमा गाते हुए कहते हैं कि सत्गुरु के चरण कमल की सेवा एवं ध्यान द्वारा ही उन्होंने आत्म बल का ज्ञान प्राप्त किया। कवि के मूल शब्दों में :—

सत्गुरु के पद-पद्म का लेकर मैं आधार।
कह टेऊं संसार में शीघ्र लिया निज सार॥

कवि गुरु का उपकार मानते हुए उन पर बलिहार जाते हैं, क्यों कि गुरु ने ही उन्हें अज्ञान की नींद से जगाकर, आध्यात्मिक ज्ञान देकर आवागमन से मुक्त किया।

सत्गुरु पै मैं बलि बलिहारी, जिसने मुझ पर कृपा धारी।
हम सोये को आन जगा के, भगवत के सत्मार्ग लाके,
पहुंचाया उस धाम जहां नहिं यम की रारी॥

दार्शनिक विचार :-स्वामी सर्वानन्द महाराज ने दार्शनिक विचार भी व्यक्त किये हैं। वे ब्रह्म सम्बन्धी विचार प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि ब्रह्म अखण्ड हैं, अविनाशी अविचल है, स्वयं प्रकाशी एवं सर्वव्यापक है। वह सत्चित् आनन्द रूप है। कवि के मूल शब्दों में :—

आतम अखण्ड स्वयं प्रकाशी घट-घट तां उज्यारा है।
अजर अमर अविचल अविनाशी साक्षी सृजणहारा है।
सत् चित् आनन्द ब्रह्म व्यापक नाम रूप आधारा है,
मन बुद्धि बानी इन्द्रिय अगोचर तीन गुणों से न्यारा है।

जीव अज्ञान के कारण अपने साक्षी स्वरूप को भूल गया है। स्वामीजी जीव को जाग्रत करते हुए कहते हैं कि तू साक्षी चेतन ब्रह्म स्वरूप हो, इस लिए साक्षी का स्मरण एवं चिंतन करो।

साक्षी का नित स्मरण करिये जो निज रूप तुम्हारा है।
साक्षी चेतन ब्रह्म स्वरूप सत् चित् आनन्द अनुभव रूपा
चारों वेद पुकारा है।

स्वामी सर्वानन्दजी जगत् को मिथ्या मानते हुए कहते हैं कि जगत् हिम कोट की भांति क्षणभंगुर है कवि जीव से कहते हैं कि तू स्वयं आतम देव हो इस बात पर निश्चय कर सोऽहं का जाप जपो।

अक्रिय आतम देव जो, सर्व रूप हैं आप।
ऐसा निश्चा धारि के, जप ले सोऽम् जाप।

यह जगत् कल्पित है, जैसे अन्धकार के कारण मनुष्य रज्जू को सर्प समझता है, वैसे अज्ञान के कारण जीव मिथ्या जगत् को सत्य मानता है, कवि के मूल शब्दों में :—

यही जगत है कल्पित सारा, सर्प रज्जू जिम भासत है
ज्यों नर सोया सपना देखे, सीप रजत प्रकाशत है।
यह शीत कोट संसारा है, पुनि मिथ्या कुल परिवारा।

ब्रह्म विद्या के अध्ययन से मनुष्य को ब्रह्म ज्ञान की उपलब्धि होती है और वह जीवन मुक्त हो जाता है। कवि के मूल शब्दों में :—

ब्रह्म विद्या के पढ़ने से ही, उपजत आतम ज्ञाना है।
ब्रह्म ज्ञाना से नाशे सब दुख, मिटता तन अभिमाना है।

कला पक्ष :—स्वामी सर्वानन्द जी की वाणी में माधुर्य है, संगीतात्मकता है। उनकी काव्य साधना तो उनकी भक्ति साधना की उपज है। वर्ण संगति एव वर्ण मैत्री, छेकानुप्रास एवं वृत्यानुप्रास, उपमा एवं रूपक अलंकारों का अच्छा प्रयोग हुआ है।

प्रेम परवशता

वास्तव में आनन्द कन्द श्री कृष्ण भगवान प्रेम-परवश हैं। वे अपने प्रेमियों के लिए ऊंची-नीची, छोटी मोटी सब प्रकार की लीलाएं करते ही रहे।

वृन्दावन की कथा है। एक ग्वालिन गौओं का गोबर उठा उठाकर बाहर ले जा रही थी। परन्तु कोई दूसरा आदमी न होने के कारण वह अधिक परिमाण में नहीं उठा पाती थी और चिन्तित हो रही थी कि कहीं इस कार्य में ज्यादा देर लग गयी तो मैं अपने प्यारे श्याम सुन्दर को समय से नहीं देख पाऊंगी। वह चाहती थी कि कोई और आ जाय तो मैं अपने सिर पर अधिक से अधिक गोबर उठाकर अपना काम तुरन्त खत्म कर दूं।

वह सोच ही रही थी कि इतने में श्री कृष्ण आ पहुंचे और कहा कि 'अरी गोपी, मुझे नेक माखन दे दे।' गोपी ने कहा-यहां बिना काम किए तो कुछ नहीं मिलने का। तब प्यारे मोहन ने कहा—'क्या काम करूं? गोपी ने कहा—'तुम गोबर की खांची उठाकर मेरे सिर पर रख दिया करो।' श्री कृष्ण ने पूछा—तब तू मुझे माखन देगी? गोपी ने कहा हां। परन्तु श्री कृष्ण ने कहा—ग्वालिन, इसका निर्णय कैसे होगा कि मैंने कितनी खांचियां उठायीं? गोपी बोली प्रत्येक खांची उठाने पर गोबर की एक बिन्दी तुम्हारे मुह पर लगा दिया करूंगी। श्री कृष्ण ने वैसा ही किया। उसका विशाल ललाट और सुकोमल कपोल गोबर की बिन्दियों से भर गया। गोपी ने उसकी अञ्जलि माखन से भर दी। तब श्री कृष्ण ने कहा—'अरी ग्वालिन, नेक मिश्री तो दे दे।' गोपी ने कहा कन्हैया, इसके लिए तुम्हें नाचना पड़ेगा। गोपी का प्रेम देखकर श्री कृष्ण नाचने लगे।

"ॐ श्री सत्नाम साक्षी"

'मेरे आराध्य सत्गुरू स्वामी सर्वानंद जी महाराज'

—हेमनदास शास्त्री (जयपुर)


दोहा—सतगुरु सर्वानन्द की महिमा अपरंपार।
शास्त्री ताको मैं करूं वन्दन बारंबार ॥

विश्व का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब धर्म का पतन व अधर्म की अभिवृद्धि होती है तब-तब परमेश्वर किसी न किसी सन्त महात्मा के रूप में अवतार लेकर पतनोन्मुख धर्म की रक्षा करके पथ भ्रष्ट हुए मानव को धर्म मार्ग में लगाते हुए धर्म की स्थापना करता है।

ऐसी ही परम विभूति व सन्त मूर्ति थे हमारे प्रातः स्मरणीय सत्गुरु स्वामी सर्वानन्द जी महाराज। सत्गुरु स्वामी सर्वानन्द जी महाराज का जन्म शुभ सम्वत् 1954 आश्विन मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी गुरुवार के दिन सिन्धी असू महीने की 12 तारीख को "भिट शाह" नामक छोटे गांव में पिता भक्त शिरोमणि श्री सेवकराम तथा भाग्य-शालिनी माता ईश्वरी देवी के घर हुआ। स्वामी जी बाल्य-काल से ही शांत व सौम्य स्वभाव के थे। इनका हंसमुख चेहरा सबको आनन्द प्रदान करता था। ब्राह्मण को बुलाकर छट्ठे दिन इनका नामकरण संस्कार किया गया। ब्राह्मण ने नामकरण के पश्चात् स्वामी जी की कुण्डली देखकर उपस्थित जन समूह में यह घोषणा भी की कि यह बालक भविष्य में अत्यन्त ही उच्चकोटि का महात्मा व ईश्वर भक्त बनकर धर्म ज्ञान भक्ति का प्रचार करेगा। स्वामी जी जैसे जैसे ही बड़े होते गये वैसे-वैसे ही ईश्वर भक्ति में तन्मय होकर ईश्वरीय रहस्य को जानने का प्रयास करते रहे। इस प्रकार प्रयास करते-करते किशोरा-



स्वामी सर्वानन्द जी महाराज का उत्तराखण्ड की यात्रा के समय लिया गया चित्र।



(हेमनदास शास्त्री)

वस्था में ही इन्हें अनन्त श्री विभूषित शंकर के साक्षात् अवतार 1008 सत्गुरु स्वामी टेऊंराम जैसे महान् गुरुदेव की प्राप्ति हुई। और ऐसे गुरुदेव के चरणों की सेवा करते-करते स्वामी जी को ईश्वर तत्व के रहस्य का पूर्ण ज्ञान हो गया। इस प्रकार ईश्वर भक्ति के साथ-साथ स्वामी जी परम गुरुभक्त भी थे। स्वामी जी ने जीवन-भर गुरु भक्ति का प्रचार किया व सच्चे गुरुभक्त बनकर अपने गुरु महाराज सत्गुरु स्वामी टेंऊराम जी के सभी आदेशों का पालन करते हुए उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण किया एवं सर्वत्र उनके बताये हुए उपदेशों का ही प्रचार किया। स्वामी जी जन्म से ही त्यागी बैरागी व साधन सम्पन्न थे। इनके मुख मण्डल पर तपस्या का तेज चमकता रहता था। इनके ज्ञानोपदेश से सोई हुई मानव जाति पुनः जागृत हो गई। मानव मन में व्याप्त जो अज्ञानान्धकार था वह इनके उपदेशरूपी प्रकाश से नष्ट हो गया। इनकी शिक्षा आधुनिक पाठशालाओं में नहीं मिली थी किन्तु शारीरिक कष्टों को सहन करते हुए अपने गुरुदेव के बताए हुए योगाभ्यास को करते हुए इन्होंने उस परम् विद्या को प्राप्त किया जो मोक्ष का कारण थी। शास्त्रों में भी कहा गया है—"सा विद्या या विमुक्तिये" अर्थात् जिससे मोक्ष की प्राप्ति हो वही वास्तविक विद्या है। जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज ने भी यही उद्घोषणा की है "विद्याहि का ब्रह्मगति प्रदा या बोधोहि को यस्तु विमुक्ति हेतुः।" अर्थात् जिससे परम तत्व की जानकारी प्राप्त हो वही विद्या है और जो मु का कारण हो वही बोध (ज्ञान) है। इन शास्त्रीय व के अनुसार स्वामी जी को वह विद्या मिली जिसके का वे परम प्रकाश को पाकर दूसरों के लिए प्रका अर्थात् प्रकाश देने वाले बन गए। हमारे स्वामी जी सहन-शीलता, उदारता, नम्रता, पवित्रता, सादगी, लता, कोमलता, श्रद्धा, प्रेम, क्षमा, धीरज, सेवाभ समता, सत्यता आदि अनेक दैवी सम्पदा के गुण जिनका वर्णन भगवान श्री कृष्ण ने गीता के सोल अध्याय में किया है। स्वामी जी का जीवन प्रकाश स के समान था जिसके कारण मानव मन को इनके जी से एक नई प्रकाश की किरण मिल जाती थी। स्वा जी ने भी सत्गुरु स्वामी टेऊंराम की तरह अपने ला श्रद्धालु भक्तों को सत्नाम साक्षी का महामन्त्र देकर उ ज्ञान का मार्ग बताया तथा उनके जीवन को ब डाला। हमारे स्वामी जी प्रेम, भक्ति व ज्ञान के भण्ड थे। वेदांत विषय के परम ज्ञाता थे। इस वेदांत जटिल विषय को भी स्वामी जी अत्यन्त सरल रूप समझाते थे। इन्होंने दीन दरिद्रों की सेवा करके परोपक के अनेक महान् कार्य किए। सभी को इन्होंने अपना प्य देकर अपनाया। सदैव इनके चेहरे पर सौम्यता ब रहती थी। बड़े शांत स्वभाव के होकर रहते थे। प्रतिक परिस्थितियों में भी इनके चेहरे पर कभी क्रोध का भ नहीं देखा गया। इनके जीवन में सादगी तो कूट-कूट भरी हुई थी त्याग तपस्या की तो मानों साक्षात् मू थे। स्वामी जी का जीवन छल कपट एवं स्वार्थ रहित था। वे मितभाषी एवं मधुरभाषी थे। लेशम भी इनमें स्वार्थ की भावना नहीं थी। हमेशा क करते थे "परोपकाराय इदं शरीरम्" अर्थात यह श परोपकार के लिए ही है। नित्य ही रात्रि के चौथे प्र में उठकर गुरु मन्त्र का स्मरण करते थे। हमारे स्वा जी समय के भी बड़े पाबंद थे। कितना भी भावविभ होकर सत्संग सुनाते और सुनने वाले सुध-बुध खो सुनते फिर भी समय का पूरा ध्यान रखते थे। स्वामी प्रत्येक शनिवार को मौनव्रत धारण करते और उस

शेष पृष्ठ 25 पर

ॐ

(श्री सत्नाम साक्षी)

"नाम स्मरण का चमत्कार एवं सच्चे प्रेमी की लगन"

लेखक—ब्रह्मानन्द आचार्य (अजमेर)

परमादरणीय श्री स्वामी बसन्तराम जी महाराज का शैशवावस्था से ही प्रभु परमात्मा के चरणों में अनुराग था। वे परमात्मा के नाम स्मरण बिना एक क्षण भी व्यर्थ नहीं बिताते थे। अध्ययन काल से जो अवशिष्ट समय बचता था उसमें एकान्त स्थल में बैठकर सगुण साकार परमात्मा के नाम का जप करते थे। उन्हें प्रियतम के प्राप्ति की सच्ची लगन मन में थी इस लिए रात्रि का समय परमात्मा के उपयुक्त समझकर काफी देर तक भजन करके सोते थे एवं प्रातःकाल शीघ्र शैय्या त्याग कर पुनः भजन में बैठ जाते थे। धीरे-धीरे विरहाग्नि हृदय में धधक उठी खाना पीना सब भूल गए एवं उस प्रियतम के मिलन के लिए दिन रात एक करके संसार से उपराम होकर एकाग्रमन से भजन करने लगे। ऐसे समय में पिता श्री लेखराजमल जी ने भाइयों की राय से स्वामी जी को गेहूं के खेत पर पक्षियों को उड़ाने एवं रखवाली के लिए नियुक्त किया। इस कार्य द्वारा स्वामी जी परमात्मा के नाम स्मरण में व्यवधान देखकर एक दिन अत्यन्त दुःखी होकर विनम्र भाव से माता जी से कहने लगे कि मां। मेरा मन सांसारिक कार्यों से उपरत हो चुका है इधर पिताजी ने खेत की रखवाली व पक्षियों के उड़ाने का कार्य सौंपा है। मुझे नाम स्मरण में रुकावट होती है और जब तक पूर्ण रूप से नाम स्मरण नहीं कर पाता तब तक मैं अपने जीवन को अधूरा समझता हूं। मन तो एक है उनसे चाहे नाम स्मरण कराओ चाहे सांसारिक कार्य।

इतना सुनकर माता ने स्वामीजी को आश्वासन दिया एवं रात्रि में अपने पति लेखराजमल जी से हाथ जोड़कर कहने लगी, कि "आज से अपने इस सुकमार प्यारे लड़के को खेत पर न भेजो अभी उनकी अवस्था इस कार्य करने की नहीं है। इसके कार्य के लिए आप एक नौकर को नियुक्त करो तो अत्युतम रहेगा। "श्री लेखराजमल जी ने कहा कि ऐसा न हो सकेगा क्योंकि भाइयों की साझेदारी है, वे क्या कहेंगे ?"

श्री लेखराजमल जी प्रातःकाल उठकर स्वामी जी से कहने लगे कि हे तात ! आप निश्चिन्त होकर खेत पर परमात्मा का नाम का स्मरण करो किन्तु यह ध्यान रखना कि जिस समय आपका कोई चाचा वहाँ पर आ पहुचे उस समय पक्षियों के उड़ाने में दौड़ धूप तेजी से करना जैसे वे कुछ कह सके। स्वामी जी पिता की आज्ञा पाकर खेत पर भगवद भजन करने लगे एवं जिस समय सामने किसी चाचा को आते हुए देखते थे उस समय पक्षियों को उड़ाने लग जाते। कभी-कभी चाचाओं के यह कहने पर कि पक्षियों ने तमाम अन्न खा लिया है स्वामी जी विनयवाणी से कहते थे कि मैं पक्षियों को उड़ाने का काफी प्रयत्न करता हूं किन्तु खेत बड़ा होने के कारण मैं पहुंच नहीं सकता। यद्यपि पक्षी काफी अनाज खा चुके थे और ज्यादा अन्न पैदा होने की कोई भी संभावना नहीं थी किन्तु भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है कि, "भक्त अनन्य भाव से मेरी उपासना करते हैं उनका योग क्षेम मैं वहन करता हूं।" इस कथानुसार धने भक्त की तरह औरो की अपेक्षा स्वामी जी के खेत से दुगना अनाज पैदा हुआ। इस अलौकिक घटना को देखकर स्वामी जी के हृदय में तो प्रभु चरणों में अनुराग व निष्ठा बढ़ी ही किन्तु परिवार व आसपास के किसानों के हृदय में भी परमात्मा के प्रति श्रद्धा व निष्ठा बढ़ी।

सम्वत् 1977 में सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज स्वामीजी के जन्म भूमि खाही में पधारे तब श्री गुरु महाराज जी के वैरागी सत्संग को सुनकर उनकी ओर आकर्षित हुए। स्वामी जी के मनमें पहले से ही परमात्मा के प्राप्ति की प्रबल इच्छा थी माताजी से सदैव यही आशीर्वाद लेते थे कि मुझे पूर्ण सद्गुरु की प्राप्ति हो आज उसी पूर्ण सद्गुरू देव की प्राप्ति हुई। श्री गुरू महाराज जी का वैरागी सत्संग सुनकर वहीं वृति एकाग्र हो गयी। आंख खुलने पर स्वामी जी के मुखारविन्द से ये शब्द निकले कि, "इस प्रकार से त्यागी महात्मा बनकर संसार के मोह कुटुम्ब परिवार का त्याग करके केवल परमात्मा की प्राप्ति करनी चाहिए।" फिर क्या था सच्चे आशिक की तरह श्री गुरू महाराज जी से विधि पूर्वक नाम दीक्षा लेकर योग कमाने लगे। लगातार नाम अभ्यास से चेहरे पर आश्चर्यजनक प्रकाश जगमगाने लगा उनकी बोल-चाल रहन-सहन से शान्ति, धैर्यता' मृदुता, प्रसन्नता व असंगता प्रकटित होती थी। आसन लगाते समय ऐसा स्थिर आसन लगाते थे कि कोई भी अंग प्रत्यंग नहीं हिलता न ही आंखो की पलके गिरती। नाम अभ्यास करते करते उनकी कुन्डलनी शक्ति जाग्रत हुई जो शनैः शनैः नाभि से हृदय, हृदय से कण्ठ, कण्ठ से दशम द्वार जाकर पहुंची। कुण्डलनी शक्ति के जाग्रत होने पर शरीर की रोमावलि पुलकायमान हो गयी और आनन्द रस शरीर में प्रवाहित होने लगा जिससे संसार की तमाम वासनाएं खत्म हो गई। जिसके लिये वेद ने लिखा कि "रसो हि अप लब्धवा आनन्दी भवति।" उस अखण्ड शाश्वत रस को प्राप्त करके यह जीव आनन्दी हो जाता है। शरीर में शीतलता फैल गयी। 6 वर्ष तक घर के सम्बन्धी स्वामी जी से खींचातानीं कर रहे थे किन्तु जब भीं घर के सम्बन्धी उन्हें घर ले जाते थे तब घर से रात्रि के समय निकलकर। भागकर श्री गुरु महाराज के पास जाकर ठण्डा आदम पहुंचते थे। उन प्रेम मतवाले को कोई मार्ग या समय का ध्यान नहीं रहता था। एक समय की घटना है कि श्री गुरु महाराज जी खण्डू से बेराणी सन्त आलूराम जी महाराज के पास मेले पर पधार रहे थे, बैरागी खण्डू से लगभग 22 मील दूर था। श्री गुरु महाराज जी व दूसरे सन्त ऊंट पर सवार थे और इधर ऊंट के एक तरफ सन्त मुरलीधर दूसरी तरफ स्वामी जी ऊंट के झुल (ऊंट पर रखा हुआ आसन जिस पर आदमी बैठते है) को पकड़कर पैदल प्रेम से श्री गुरु महाराज का पावन दर्शन करते हुए ऊंट के साथ दौड़ें 2 चल रहे थे। श्री गुरु महाराजजी बार-बार कहते जा रहे थे हे तात! पैदल दौड़ों मत ऊंट पर चढ़ो किन्तु ये दोनों प्रेम पिपासु यह कहते हुए चलते रहे थे कि भगवन् आपका पावन दर्शन करते हुए चलने में काफी आनन्द आ रहा है। इधर ऊंट का चालक ऊंट को तेजी से हांकता हुआ चल रहा था जैसे ये दोनों बालक थककर दौड़ना छोड़ दे किन्तु सच्चे प्रेमियों को कहां थकान? कहां यह कठिन मन्जिल? बिना आराम के अनवरत ऊंट के पीछे दौड़ते-दौड़ते जा कर बैरानी पहुचे। वहाँ पर सब सन्तों एवं प्रेमियों को जब यह मालूम हुआ कि ये ऊंट के पीछे-पीछे पैदल दौड़ते,दौड़ते यहां तक पहुचे है तब आश्चर्यचकित हो उठे और उनके मुंह से ये शब्द निकले कि, "जैसे मजनू-लैला के लिए 100 कोस चला था वैसे ये इस कलयुग में भी दोनों प्रेमी भी प्रेम में आकर श्री गुरु महाराज के दर्शन करते हुए यहां तक पहुचे।" धन्य है! इन प्रेमियों का प्रेम एवं लगनता को। श्री गुरु महाराज जी ने हार्दिक आर्शीवाद देकर शरीर पर हाथ घुमाकर निहाल कर दिया।

शेष पृष्ठ 22 का शेष····

अपने सत्संग में अपने गुरु महाराज की जीवनी और महिमा सुनाते थे। भक्ति ज्ञान का प्रचार करते हुए भी स्वामी जी कर्म पर जोर देते थे। कभी वे कर्म का खंडन नहीं करते थे। हमेशा कहा करते थे कि ज्ञान पाने के बाद भी विहित कर्म करने चाहिए। उन्होंने कर्म का कभी त्याग नहीं किया। इतने ज्ञानी होकर भी वे जीवन पर्यन्त यज्ञ हवन पाठ पूजा तीर्थ सेवन आदि स्वयं भी भी करते रहे एवं सभी को इस प्रकार उपदेश भी देते थे। उनकी गीता के अनुसार यह मान्यता थी कि "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" अर्थात मानव मात्र को कर्म करते रहना चाहिए, फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार शास्त्रों में जो भी संतों के लक्षण कहे गये हैं वे सब स्वामी जी में विद्यमान थे। दूसरी बात स्वामीजी में यह थी कि वे सैलानी बनकर सैर करते रहते थे। उनका यह मानना था कि सन्त को कभी एक जगह नहीं रहना चाहिए। भ्रमण करते रहना चाहिए। वे हमेशा कहा करते थे—

"बहता पानी निर्मला खड़ा गंदला होय।
त्यों साधु रमता भला दाग न लागे कोय॥"

अर्थात जिस प्रकार बहता हुआ पानी साफ रहता है वैसे भ्रमणशील साधु भी अच्छा होता है। उन्होंने भारत का भ्रमण किया, परन्तु विदेशों में भी भ्रमण करके जन मानस में व्याप्त अज्ञानान्धकार को दूर करके उनका पथ प्रदर्शन करके उन्हें ज्ञान का प्रकाश दिया। विदेशों के कई देशों में जाकर स्वामी जी ने प्रेमभक्ति ज्ञान कर्म-धर्म का प्रचार किया। वहां भी स्वामीजी के अनेक शिष्य एवं अनुयायी हुए। स्वामी जी ने अपने गुरुदेव स्वामी टेऊंराम महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद उनका सारा कार्य किया। अपने गुरुदेव की रचित वाणी का संकलन करके "प्रेम प्रकाश ग्रन्थ" का प्रकाशन किया। सबसे पहले इन्होंने हरिद्वार में प्रेम प्रकाश आश्रम बनवाया उसके बाद राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगर जयपुर में भी एक विशाल व भव्य आश्रम की स्थापना की जिसका "अमरापुर स्थान" (प्रेम प्रकाश आश्रम) नाम रखा गया। यही स्थान सभी प्रेम प्रकाश आश्रमों में मुख्य व गद्दी का स्थान है। स्वामी जी ने पूरे 35 साल पीठासीन होकर अपने गुरु देव के शेष कार्य पूरे करते हुए अन्यान्य महान कार्य किए जीवन के अन्तिम दिनों तक अपना सेवा, परोपकार, भजन सत्संग प्रचार कार्य करते रहे। स्वामी जी की महान् गुणों का जितना वर्णन किया जाय वह थोड़ा ही है।

जब तक तुम अपनी इच्छाओं को अपनी जेब में रखते हो, तब तक तुम्हारे लिए चैन या रक्षा नहीं है। अपनी इच्छाओं को त्यागो, उनसे ऊपर उठो और तुम्हें दोहरी शांति, तुरन्त चैन और अन्त में इच्छाओं की पूर्ति प्राप्त होती है। जानकर या अनजाने जब तुम अपने को परमेश्वर में लीन कर दोगे, तभी तुम्हारी अभिलाषाओं की पूर्ति का उपयुक्त समय होगा।

—स्वामी रामतीर्थ जी

कर्म करने में जीव

स्वतन्त्र या परतन्त्र ?

अनन्त श्री विभूषित स्वामी
योगानन्द जी सरस्वती
बारां कला, भिन्ड



कथायें तो बहुत सुनते हैं हम, और बहुत उत्तम है। भाव और रसमयी है। भावुक चित्त जो होता है वही परमात्मा की प्राप्ति करता है और एक भावातीत स्थिति भी है। इस स्थिति की प्राप्ति दार्शनिक विवेचनों के द्वारा होती है, विचार के द्वारा होती है। विचारों को सूक्ष्म करने के लिए ही दार्शनिक विवेचनायें हुआ करती हैं। बुद्धि तीव्र होती है, प्रतिभा प्रखर होती है, तब उस परम तत्व को प्राप्त करती है।

हमारे दर्शनों का आरम्भ कहां होता है ? जहां हमको अपने धर्म के तथ्यों में कुछ शंका होने लगती है कि सूर्य नारायण को जल क्यों दिया जाता है ? दक्षिण को मुंह करके भजन क्यों नहीं किया जाता ? ये पिण्ड-दान और तर्पण आदि का क्या रहस्य है ? यह परलोक है कि नहीं ? ईश्वर कैसा हैं ? कहां है ? क्यों है ? मोक्ष किसको कहते हैं ? मोक्ष में जीव परिच्छिन्न रहता है या किसी तत्व में लीन हो जाता है। आदि, आदि। इन विषयों पर जो विचार बुद्धि करने लगती है तब वो दार्शनिक क्षेत्र में प्रवेश करती है।

तो राम चरित मानस के माध्यम से ही थोड़ा दार्शनिक पक्ष लिया जाय। क्योंकि मानस में तो सभी कुछ हैं आध्यात्मिक सिद्धांत भी है अद्वैतवाद भी है द्वैतवाद भी हैं विशिष्टाद्वैत भी है, शुद्धाद्वैत, द्वैताद्वैत भी है और त्रैतवाद भी है। यहां तक कि बौद्धों के सिद्धांत और जैन धर्म के सिद्धांत भी हैं। हम इस पक्ष पर बहुत कम विचार करते हैं। पढ़ते तो हैं।

दार्शनिक दृष्टिकोण से कुछ विचार हैं, दार्शनिक सिद्धांत क्या हैं। जैसे कि हम परतन्त्र हैं कि स्वतन्त्र हैं। यह एक दार्शनिक समस्या है। इसको कहते हैं बुद्धि परतन्त्रवाद और बुद्धि स्वतन्त्रतावाद। बुद्धि को हटा दिया जाय तो परतन्त्रवाद और स्वतन्त्रवाद, यों समझो। इसका आशय तो स्पष्ट है कि हम ईश्वर के आधीन है अथवा कुछ कर सकते हैं। दो सिद्धांत हुए। ये दो वाद है और ये दोनों वाद भारत की ही समस्या नहीं आज विश्व की समस्या है। आज नहीं ये पहिले से ही हैं। पश्चिमी जगत में भी इन दोनों सिद्धांतों पर बहुत ऊहा पोही की गई। परन्तु वास्तविकता क्या है थोड़ा समझने का प्रयास किया जाय।

वैसे तो अनेकों वाद हैं। आज करीब संसार में 132 वाद प्रचलित हैं। पश्चिम जगत में कई वाद प्रचलित हैं, जैसे फ्राइड का कुण्ठावाद, डारविन का विकासवाद, मार्क्स का साम्यवाद, उपयोगितावाद और हमारे यहां भी हैं। वाद शब्द का अर्थ है कि एक समाज, सम्प्रदाय की कुछ मान्यता। ईश्वर के सम्बन्ध में उनके क्या विचार हैं, मोक्ष के सम्बन्ध में उसके क्या विचार हैं ? और दार्शनिक समस्याओं को सुलझाने में उसने कितना प्रयत्न किया और क्या-क्या विचार दिए संसार को। इसको वाद कहते हैं वाद-वाद-विवाद को नहीं कहते जैसे जैन धर्म का स्याद्वाद और बौद्ध धर्म का मुख्य सिद्धांत शून्यवाद। इसी प्रकार ये बुद्धि परतन्त्रवाद और बुद्धि स्वतन्त्रवाद है। दो पक्ष हुए। और दोनों में कट्टर विरोध है एक पक्ष कहता है कि हम ईश्वर के अधीन हैं जो कुछ वो करायेगा वो करेंगे। दूसरा पक्ष कहता है कि हम स्वतन्त्र हैं। जो कुछ करेंगे सो कर डालेंगे। इन दोनों में मतभेद है। कुछ पश्चिमी जगत में भी परतन्त्रवादी हैं और कुछ स्वतन्त्रवादी भी हैं। और

हमारे यहा भी है। हां ! हमने कहा था रामचरितमानस के माध्यम से दोनों पक्षों पर आप विचार करो। एक तरफ गोस्वामी जी कहते हैं।

उमा दारू जोषित की नाईं।
सबहि नचावत राम गोसांई ।।

हम काठ की कठपुतली हैं और ये महेश्वर का वचन हैं। शंकर जी कहते हैं उमा से, हे उमा, राम जी सबको कठपुतली की तरह नचाते हैं। काठ की कठपुतली में कोई चेतना नहीं। वो स्वयं कोई हरकत नहीं कर सकती जैसे कठपुतली को बाजीगर नचाऐगा वैसा नाचेगी। तो हम परतन्त्र हैं कुछ नहीं कर सकते हम उसके हाथ की कठपुतली हैं। इसकी पुष्टि में अनेक चौपाईयां मिल सकती हैं—

उर प्रेरक रघुवंश विभूषन।

सब प्रकार की प्रेरणा भगवान से प्राप्त होती है।

बोले बिहंसि महेश तब ग्यानी मूंद न कोई।
जेहि जस रघुपति करहि जब सो तस तेहि छन रोई।

ये तो ठोस परतन्त्रवादी वचन है।

जैसे भगवान जिसकी बुद्धि कर देते हैं वो वैसा ही करनें लगता है। तो हमारे हाथ में कुछ नहीं रहा। इसको कहते हैं परतन्त्रवाद।

नट मरकत इव सबहिं नचावत।
राम खगेस वेद अस गावत ।।

वेदों के वचन भी अभी लेते हैं। यह बात नहीं कि यह केवल राम चरित मानस में है। सबको नचाने वाले सिर्फ भगवान ही है अर्थात उसमें शुभ-अशुभ का निर्णय नहीं। सब क्रियायें उसके द्वारा ही होती है।

जो वो चाहते हैं करना वोही होता है। दूसरा कोई कुछ कर ही नहीं सकता। यह हुआ परतन्त्र-वाद।

दूसरा पक्ष आता है रामायण में—

काहु न कोऊ सुख दुःख कर दाता।
निज कृत कर्म भोग सब भ्राता ।।

अब कट्टर विरोध हुआ कि कोई किसी को सुखी दुःखी करने वाला नहीं। अपना-अपना कर्म ही है जो सब भोगते हैं तो कर्म करने की स्वतन्त्रता हुई।

कर्म प्रधान विश्व कर राखा।
जो जस करहि जो तस फल चाखा ।।

यह है स्वतन्त्रवाद अथवा कर्मवाद। वहां पश्चिम में कहते हैं "Man can do what a man has done" जैसे नेपोलियन आदि वे स्वतन्त्रतावादी थे। मनुष्य सब कुछ कर सकता है जो किसी ने किया हो। उसने तो असम्भव शब्द को ही उड़ा दिया था। ऐसा कहा जाता था कि यदि पहाड़ को आज्ञा दी जाय कि जाओ समुद्र में डूब जाओ तो उसे डूब जाना होगा। ये है स्वतन्त्रवाद इसको कहते हैं मानव सब कुछ कर सकता है।

कौशल्या कह दोष न काऊ।
करम विवस सुख-दुःख छति लाहू ।।

कौशल्या जी कहती है किसी को दोष नहीं कर्म के अधीन ही सुख-दुख हानि-लाभ होती है यहां कर्म की प्रधानता हो गई। अब विरोध आया दोनों वादों में।

एक उत्तर को जाता है, एक दक्षिण को जाता है और एक सिद्धांत को सत्य मानना पड़ेगा तो दूसरा असत्य हो जायेगा। यदि दूसरा असत्य हो जाता है तो ग्रन्थ अप्रमाण कोटि में जाता है। ग्रन्थ में प्रामाणिकता सिद्ध नहीं होती। राम चरित मानस को भला कोई हिन्दू हृदय अप्रमाणित कोटि में ले नहीं जा सकता हां दूसरा चाहे कोई आलोचना करे। इतना प्रभाव है उस ग्रन्थ का। आज तो विश्व भर में प्रभाव है भारत में ही नहीं।

तो कहो कि ये विरोध कैसा। इसका समन्वय कैसा। यदि आप कहो कि रामचरित मानस में ही सिद्धांत है तो ये तो दोनों सिद्धांत मिल जायेंगे। और ग्रंथों में जैसे भगवद् गीता जिसका कि आज विश्व की 762 प्रमुख भाषाओं में अनुवाद हो चुका है और विश

के कोने कोने में पहुंच चुकी है भगवद् गीता । उसमें भगवान कहते हैं—

श्लोक—ईश्वरः सर्वभूताना हृद्देशऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढ़ानि मायया ॥
गीता । 8/61

परतन्त्रवाद—

उमा दारु जोषित की नाई ।
सबहि नचावत राम गौसाईं ॥

ठीक यही सिद्धांत है इसमें हे अर्जुन ईश्वर प्राणी मात्र की अन्तरआत्मा में विराजमान हैं और अपनी माया रूपी यन्त्र पर चलाकर के सबको नाच नचा रहा है। और वही गीता कहती है—

श्लोक—स्वे स्वे कमण्यभिरतः संसिद्ध लभते नरः ।
स्वकर्मनिरतः सिद्धि यथा विन्दति तच्छृणु ॥
गीता 18/45

मानव अपना-अपना कर्म करता हुआ सिद्धि को प्राप्त करता है । यह कर्मवाद हुआ स्वतन्त्रवाद । [जब वो ही नचाता है तब कर्म का आदेश क्यों दिया जाता हैं कि कर्म करो और भागवत में भी दोनों प्रकार के वचन मिल जायेंगे । पुराणों में भी प्रत्येक पुराण में मिल जायेंगे । और अक्षरशः इस चौपाई के समानार्थ भागवत में एक श्लोक आता है—

यथा दारुमयी नारिः यथा यन्त्र मयो मृगः ।
एवं भूतानि मघवान ईश तन्त्राणि विद्धिभव ॥

कठपुतली में कोई चेतना नहीं कोई संवेदना नहीं । तो उसको कर्म का दोष नहीं लगना चाहिए परन्तु हम तो हाय तौबा में पड़े हुए हैं । ये क्या समस्या हैं । कर्म का फल तो भोग रहे हैं इसका मतलब हमने किये हैं कर्म । तो फिर स्वतन्त्रता कहां से । अब थोड़ा हम उसके दोष और गुणों पर विचार करेंगे । यहां भागवत ये कहती है परतन्त्रवादी वचन—

यथा दारुमयी नारि यथा यन्त्रमयो मृगः ।

वहां दूसरी मिसाल भी दी जाती है कि जैसे यन्त्र का बना हुआ मृग [हिरण] और हिरण को बाजीगर नचाता है एवं इस प्रकार सब जीवमात्र उस ईश्वर के हाथ की कठपुतली है और जहां भागवत में विधि वाक्य । विधि वाक्य तो भरे पड़े हैं पुराण में ।

धर्मं चर । सत्यं वद्

ऐसा करो और (निषेध) ऐसा मत करो । तो विधि वाक्य जितने हैं वे कर्म की पुष्टि करते हैं । यदि ईश्वर ही नचाने वाला है तो उपदेश व्यर्थ हैं । विधि निषेधमय सारा बाङ्मय व्यर्थ हैं । उसकी व्यर्थता सिद्ध होती है ।जब खुद करा रहें हैं वो तो क्यों उपदेश देते हैं कि सत्संग करो । स्वतन्त्र बुद्धि से थोड़ा विचार करो जो भक्त हृदय हैं वो भी इस पर विचार करें कोई ठेस न लगे क्योंकि दर्शन तो स्वतन्त्र होते हैं वो तो अपनी बुद्धि से मन्थन किया करते हैं पर थोड़ा सा मन्थन हम करें । वेदो और श्रुतियों में भी ये दोनों सिद्धांत मिल जायेंगे यहां श्रुतियां कहती हैं ।

श्लोक—स्वभावमेको कवयो वदन्ति
कालं तथान्ये मुह्यमानाः ।
देवस्यैष महिमा तु लोके
येनेदं भ्राम्यते ब्रह्मचक्रम् ॥ 6/1 ॥ श्वेताश्वर

वह परमात्मा है वो सबको नाच नचा रहा है उसकी प्रेरणा से ही सब हरकतें होती हैं वो ही सब हरकते करवाता है उसके द्वारा ही सब क्रियायें होती हैं ।

श्लोक— येनेदं भ्रामते ब्रह्मचक्रम् ।
और जहां श्रुति कहती है
न भुक्तो क्षीयते कर्म कोटि कल्पो शतैरपि ।
अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ॥

ये तो बिल्कुल चौपट कर देती हैं ये मन्त्र तो कहीं का नहीं रहने देता है हमको ।

न उपासना का, न भक्ति का,
न भगवन नाम के जप का ।

थोड़ा हम समाधान करने का प्रयास करेगें ये मन्त्र क्या कहता हैं ।

नाभुक्तो क्षीयते कर्म कोटि कल्पो शतैरपि । कि 100 करोड़ कल्प क्यो न व्यतीत हो जाए बिना भोगे हुए कर्म का नाश नहीं होगा । 100 करोड़ कल्प (एक

कल्प होता हैं 4 अरब 32 करोड़ वर्ष का हमारे हिसाब से वो ब्रह्मा का एक दिन होता हैं तो 100 करोड़ कल्प क्यो न हो जाए फिर भी जो कर्म भोगा नहीं गया हैं। वो नष्ट नहीं होगा, वो भोगना ही पड़ेगा। इस मन्त्र ने तमाम शंकाये पैदा कर दी हैं और रामचरित मानस की ये चौपाईया कैसे सिद्ध होगी।

कोटि विप्र वध लागइ जाहि।
आवैंशरण तजौ नहि ताही।
सकृदेव प्रपन्नाय तवा स्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम्।

बाल्मीकि रामायण में भी इसका प्रमाण है तो ये मंत्र श्रुति का हैं और श्रुति का प्रमाण हमारे यहां सबसे बड़ा प्रमाण माना जाता हैं सनातन धर्म के समस्त ग्रन्थो में श्रुति का प्रमाण सबसे श्रेष्ट माना जाता हैं वो अकाट्य होता हैं। जैसा कि मनु कहते हैं।

प्रमाणं परमं श्रुतिः।

और मनु का ग्रंथ भी आदि ग्रंथ माना जाता हैं।

अब थोड़ा सा हम विचार करे दोनों पक्षो में दोष क्या-क्या आते हैं कि हमसे ईश्वर सब कुछ करवाता हैं या हम भी कुछ कर सकते हैं। दो सिद्धांत हुए और ये दोनो सिद्धांत सब ग्रंथो में मिलेंगे।

इन पर विचार करना ही दर्शन का आरम्भ करना है। अब ये दो वाद हुए ऐसे ही ये दो समस्याऐ हुई ये विश्व की जितनी भी आध्यामिक क्षेत्र की समस्याऐ हैं उनमें से प्रमुख समस्याऐ ये भी हैं इसके बाद की समस्याऐ हैं कि इन समस्याओं को हल करके हम ऊपर की ओर ऊठेंगे तब अपने स्वरूप को अथवा परमात्मा को समझने योग्य होगे।

उसको समझना बहुत सूक्ष्म बुद्धि का विषय हैं उसे कैसे समझा जाता है। जहां समझ रहती ही नहीं, जहां समझने वाला रहता है परन्तु समझ कोई नहीं रहती। वहां ब्राह्मी स्थिति होती हैं। उसका चिन्तन क्या हैं ? किसी का चिन्तन न करना ही उसका चिन्तन हैं। उसके लिए तो यही कहा जाएगा और कुछ नहीं कहा जाएगा। उसका ध्यान क्या हैं ? किसी का ध्यान न करना ही उसका ध्यान है। उसकी पकड़ क्या हैं ? कोई पकड़ का न रहना ही उसकी पकड़ हैं। उसका ग्रहण क्या हैं ? सब संकल्पो का न्यास ही उसका ग्रहण हैं। सब संकल्पों का त्याग ही उसकी प्राप्ति है यह तो बड़ी विचित्र बात हैं, समझ में ही नहीं आती। तो समझने के लिए ही तो बुद्धि को तीक्ष्ण से तीक्ष्ण किया जाता हैं। प्रतिभा को प्रखर किया जाता हैं।

अब हम एक समस्या को सुलझाऐं, कि वो कितनी बुद्धितीव्र होती हैं, अच्छा जाओ उस विषय को जाने दो, हम तो ये समझना चाहते हैं कि हम स्वतन्त्र हैं या परतन्त्र।

ये दोनो सिद्धांत सब ग्रंथो में प्राप्त होते हैं। अब परतन्त्रवाद में जो दोष आते हैं इन पर थोड़ा विचार किया जाय। यदि परतन्त्रवाद के सिद्धांत को हम मान्यता देते हैं तो ईश्वर के ऊपर सारा उत्तरदायित्व जाता है कि वो खुद कराते हैं सब कर्म और भुगताते हमको हैं। फिर नरक-स्वर्ग क्यों बनाए गये। यदि परमात्मा सब कुछ करवाता है तो पुराणों में नरक का वर्णन क्यों है। ऐसा करोगे तो ऐसा भोगोगे जाकर, ऐसा वर्णन क्यों किया गया है। अच्छा और दूसरी बात ये है कि खुशामन्द पसन्दगी का दोष आता है परमात्मा पर।

पहिला उत्तरदायित्व तो ये आता है कि करवाते खुद हैं और भुगताते हमें हैं। कैसा अन्याय है। और फिर हम हाय तोबा में पड़े हैं इसका क्या कारण है ? अर्थात् उन्होंने अपने शरीर विग्रह से ही अलग कर दिया तो सारा उत्तरदायित्व उन पर है और फिर अलग हो गए तो हमें जैसा दिखायी दिया वैसा करने लगे और फिर हमको भोगना पड़ता है ये क्या तमाशा है ? ये लीला न करे परमात्मा तो अच्छा ही है वो सच्चिदानन्द हैं तो धरे रहते अपने घर में। तो कहो इस समस्या का समाधान भी बहुत जटिल है। वेद-शास्त्रों ने तो बहुत कुछ कहा परन्तु इतना ही कह पाये कि :

स ऐक्षत एकोऽहं बहुस्याम्

एक हो मैं बहुत रूप हो जाऊं। आखिर बहुत रूप होने की नौबत क्यों आई वो बहुत रूप क्यों बनता है। भक्त तो अपना समाधान कर लेते है कि उसकी लीला वो ही जाने। कौन लीला करता है क्यों लीला करता है, हम क्यों बुद्धि लगाएं। हम तो नाम लेते है। उनका समाधान हो जाता है। परन्तु दार्शनिक की बुद्धि का समाधान ये लीला नहीं करती इस लीला को चाहे। लीला वो करता है हाय तौबा में हम पड़े रहे, ऐसी आपत्ति में पड़े हैं और अब हाय तौबा में पड़े हैं तो कोई मार्ग भी दिखाई नहीं देता है। क्या करें ये लीला न करे परमात्मा तो अच्छा ही है क्यों करता हैं ऐसी लीला कहते हैं कि स्वभाव है उसका। ऐसा कैसा स्वभाव है उसका करे वो और भरते हम हैं। तो इसका सारा उत्तरदायित्व परमात्मा के ऊपर आता है। परमात्मा आदेश देता है कि भजन करो, तो हम बुला लेंगे अपने पास नहीं करोगे तो नरक तैयार है, यह तो पक्षपात हुआ। और फिर दूसरी बात एक और है इसमें दोष क्या आता है? एक और दोष आता है कि चालक को ही दण्ड मिलना चाहिए (मोटर का ड्राइवर है उससे कोई दुर्घटना हो जाती है तो मोटर को तो कोई पकड़ता नहीं। पहिये को तो कोई काटता नहीं इसके चालक को ही पकड़ा जाता है दण्ड इसको मिलता है क्योंकि वह चालक है। यदि चालक परमात्मा है तो वही उसका भागी। परमात्मा हो। हम जो कुछ कर्म करते हैं उसका फल वो भोगे और यदि उनको भोगना पड़े हमारे कर्मों को तो अनन्त काल के लिए वो कुम्भी नरक से निकल नही पाएंगे भगवान्। तो यह तो बुद्धि में बात आ नहीं सकती। ऐसी बात भला कैसे समा सकती हैं और ऐसा परमात्मा और ऐसा ईश्वर किसी की बुद्धि में Adjust नहीं होगा। कि जो सबसे कर्म करवाये और फिर उनके फल खुद भोगे। तो ये भी दोष आता हैं उसका समाधान नही होता। अच्छा दूसरी ओर छोटी-छोटी शंकाऐ उठती हैं उस पक्ष में जो स्वतन्त्रवाद का पक्ष हैं जैसा हम करेंगे वैसा हमको फल मिलेगा उसमें आता हैं प्रधान दोष, नास्तिकता का। कि जो हमने किया हैं वो हमें भोगना ही पड़ेगा। तो फिर हम निहोरे पाते किसके करे। खुशामद क्यो करे। भजन कीर्तन क्यो करे। और फिर वेद शास्त्रो की आज्ञा ही क्यो पालन करे? जो हमारा कर्म कटता ही नहीं है जो हमनें किया है भोगना ही पडेगा, तो फिर तो ये अनेको वचन मिथ्या होते हैं भगवान नाम के जपने से पापो से मुक्ति होती हैं ऐसे वचन बहुत पुराणो, शास्त्रों में भरे पडे हैं। रामायण में तो थोड़ा ही कहा हैं कि—

रामन सकहि नाम गुण गाई।

पुराणो में तो यहां तक कहा हैं कि 14 लोको के आदमी यदि मिलकर भी चाहे तो इतना पाप कर नहीं सकते जितने भगवान का एक नाम नष्ट कर देता है। अब बोलो ये वचन कहा जाएगें, और भगवान् की प्रतिज्ञाए कहा जाएगी कि मेरी शरण में आजाऐ तो मैं सब पापो से मुक्त कर दूगाँ।

सर्व धर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि माशुचः।

अच्छा इसमें ये दोष आया कि भगवान हैं तो धरे रहे हमको क्या लेनदेन हमने जो कर्म किया हैं वो भोगना ही वो काट नहीं सकेगें। भजन पूजन से भी वह कटता नहीं तो फिर करना व्यर्थ है। ये हुआ नास्तिकता का दोष। तो स्वतन्त्रता-वाद में यह दोष आता हैं। परतन्त्र-वाद में वे दोष आते हैं। परतन्त्रवाद में तो उपदेश ही व्यर्थ हो जाते हैं। ये करो ये न करो। ये सारा जो विधि निषेधमय् वाङ्मय उसकी व्यर्थता सिद्ध होती है। ये क्यो उपदेश दिये गये कि ये करो ये न करो जब खुद नचाते हो तो उपदेश किसको देते हो। खुद ही नाच नचाने वाले हैं। अब इसका हम थोड़ा सा समाधान करना चाहे। जबकि दोनो सिद्धांत सही हो नहीं सकते, उसके हाथ की हम कठपुतली है, इधर कहा हैं कि हम स्वतन्त्र हैं, कर्म करने के लिए। दोनो सिद्धांतो में कट्टर विरोध हैं, एक उत्तर को जाता हैं तो एक दक्षिण को। तो एक सही मानना पड़ेगा और दूसरा गलत। तो कहो दोनो सही कैसे हो, थोड़ा सा हम विचार करें और दार्शनिक दृष्टि से ही विचार करते है।

(क्रमशः)

अनन्त श्री विभूषित स्वामी योगानन्द जी सरस्वती के दिनांक 12-2-81 को (शास्त्री नगर ग्वालियर में) दिए गए प्रवचन के टेप के आधार पर।



सतगुरु स्वामी टेऊंराम जी
महाराज



सतगुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज



सतगुरु स्वामी सर्वानन्द जी महाराज



बैंकुण्ठ आश्रम के महन्त श्री स्वामी आत्मादास जी महाराज,
स्वामी सर्वानन्द जी महाराज की मूर्ति के साथ



स्वामी सर्वानन्द जी महाराज



स्वामी सर्वानन्द जी महाराज
तम्बूरे पर भजन गाते हुए

ॐ

(श्री सत्नाम साक्षी)

सतगुरु स्वामी सर्वानन्द जी महाराज के संस्मरण

(ऐसे थे हमारे स्वामी जी)

भक्तो पर जब भी संकट आता हैं भगवान किसी न किसी रूप में भक्तो को संकट से मुक्त करते हैं। हांलाकि स्वामी जी आज बाह्य रूप से हमारे बीच नहीं हैं अपितु जब भी जहाँ भी जो भी उन्हे पुकारता हैं उस समय उसकी पुकार सुनकर किसी न किसी रूप में वहां पहुंचकर उसकी सहायता करते है। आइये आपको मैं एक ऐसी सच्ची घटना से अवगत कराऊ जो मेरे साथ घटित हुई और जिसने मेरे हृदय में स्वामी जी के विश्वास को ओर अधिक प्रोत्साहित किया।

अगस्त 1978 की बात है स्वामी जी की प्रथम पुण्यतिथि हरिद्वार में मनाई जा रही थी, उस अवसर पर जयपुर से प्रेमियों की कई बसे भी गई थी। मैं भीं एक बस में यात्रा कर रहा था, हम रास्ते में थे तो दिल्ली-हरिद्वार के बीच कुछ मार्ग पानो से अवरुद्ध हो गया था : उस समय हरिद्वार में बाढ़ की चेतावनी दी जा रही थी, हमारे आश्रम पर जहां मेला भर रहा था चेतावनी देने वाले आये सत्गुरु स्वामी शांति प्रकाश जी महाराज ने चेतावनी देने वाले को ऊपर बुलवाया और बाढ़ की स्थिति के बारे में पूछा। चेतावनी देने वालो ने बतलाया आज रात को करीब 2 बजे पानी आने की सम्भावना हैं चूकि पहाड़ी पर एक चट्टान टूट गई हैं। इसकी वजह से नदी अलग-अलग रास्ते बनाकर आ रही है। इससे हरिद्वार शहर को भी खतरा हैं, हरिद्वार दिल्ली मार्ग में पानी तेजी से बढ़ रहा है। स्वामी जी ने पूछा कि जो बसे आ रही हैं उनका क्या किया जाए। चेतावनी देने वालो ने कहा कि अगर वह पानी वाला मार्ग पार कर इस तरफ आ रही हैं तो उन्हें आने दिया जाए अन्यथा उन्हे वापस भेज दिया जाए।

इधर हम पानी वाले मार्ग को पार करते हुए गुरु महाराज को प्रार्थना करते हुए बढ़ जा रहे थे और बहुत मुश्किल से हम उस मार्ग को पारकर हरिद्वार की तरफ आगे बढ़ने लगे रात के करीब बारह बजे कुशल पूर्वक हरिद्वार आश्रम पहुंच गये।

इधर स्वामी जी ने सत्संग में पल्लव डालकर गुरु महाराज से प्रार्थना की कि जो रास्ते में हैं वे सब आपके उत्सव में सम्मलित होने के बाद सकुशल अपने अपने घर पहुच जाए।

गुरु महाराज की लीला देखिये जो बाढ़ हरिद्वार के लिए खतरा बन चुकी थी वह हरिद्वार का कुछ न बिगाड़ सकी और सब प्रकोप शांत हो गया। इस प्रकार गुरु महाराज की कृपा से बाढ़ हमारा कुछ अहित न कर सकी। संकलन-भगत—मूलचन्द

* * *

स्वामी जी के पास जो भी अपना कष्ट लेकर आता था उसके कष्ट निवारण करते थे। लेकिन नाम अपने गुरुदेव का करते थे।

एक बार की बात है ब्यावर के एक सज्जन का लड़का एक दुर्घटना में गूंगा हो गया। इलाज करवाने के बाद भी उसकी आवाज न आ सकी। किसी ने उसको स्वामी जी के बारे में बताया वह स्वामी जी का नाम

सुनकर अपने लड़के को अमरापुर स्थान ले आया। और स्वामी जी के चरणो में बालक को डाल दिया। और अपना कष्ट सुनाया। स्वामी जी ने कहा कल प्रातःकाल चार बजे बालक को समाधि में ले जाकर तीन बार परिक्रमा करवाके, ओम श्री सत्नाम साक्षी उच्चारण करवाने का प्रयास करना। गुरु महाराज सब भला करेंगें।

दूसरे दिन उस सज्जन ने स्वामी जी की आज्ञानुसार बालक को समाधि में ले जाकर तीन बार समाधि की परिक्रमा करवायीं और बालक से पहली बार ओम सत्नाम साक्षी बोलने को कहा। बालक प्रयास करके मन ही मन स्मरण करने लगा व उसके होठ कुछ फड़ फड़ाये। दूसरी बार बुलवाने पर वह अटक-अटक कर ओम सत्नाम साक्षी बोलने में सफल हुआ तथा तीसरी बार पूरी तरह से बोलने में सफल हो गया। और उसकी आवाज वापस आ गई। इस पर वह सज्जन हर्षित होकर स्वामी जी के चरणो में उपस्थित हुआ और स्वामी जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए बोला कि आपकी कृपा से सब ठीक हो गया। तब स्वामी जी ने उसे वर्जित करते हुए कहा कि ऐसा मत कहो। यह सब गुरु महाराज की कृपा दृष्टि है।

संकलन—सन्त हंस प्रकाश

—

निंदा अंग

(1) निंदा किस की मत करो, निंदा नरक दिखात।
निंदा निंदक के सभी, टेऊँ पुण्य नशात॥

(2) निंदक निंदा कर सदा, सहत बहुत संताप।
कह टेऊं निज पुण्य दे, लेत और का पाप॥

(3) निंदक जैसा मीत नहिं, टेऊं जगत मंझार।
पुण्य देत है आपना, लेहि पाप का भार॥

(4) अस्तुति निंदा देह की, आत्मा की कब नाहिं।
टेऊं ऐसे समझकर, मगन रहो मन माहिं॥

ॐ

(श्री सत्नाम साक्षी)

स्वामी जी की महिमा

आंखो की ज्योति पुनः लौट आयी

[illegible] (सिन्ध) की है। स्वामी सर्वानन्द जी [illegible] उस समय उपस्थित थे। [illegible] ने स्वामी जी से कहा कि यहां पर कुछ लोग मांसाहारी भोजन करते हैं, इस पर स्वामी जी ने दूसरे रोज सभी प्रेमियों की सभा बुलवायी। और स्वामी जी ने सभी प्रेमियों से पूछा कि आप लोगों में से जो कोई भी मांस का प्रयोग करता हो, वह हाथ ऊपर करे। उस समय सभा में कई ऐसे व्यक्ति बैठे हुए थे, जो कि मांस खाते थे, लेकिन हाथ किसी ने ऊपर न उठाया, केवल एक प्रेमी श्री सुन्दर दास जी ने हाथ ऊपर उठाया। स्वामी जी ने उनसे पूछा तुम मांस क्यों खाते हो। सुन्दर दास ने कहा, कि [illegible] है कि 6-8 महीने में मेरी आंखों की ज्योति चली जाती है और खाने से आंखों की ज्योति पुनः वापिस आ जाती है इस कारण मुझे मजबूरन खाना पड़ता है। स्वामी जी ने उक्त बात सुनकर सुन्दरदास से कहा कि आगे से आप मांस न खाया करें, गुरु महाराज सब अच्छा करेंगे।

उसके पश्चात् [illegible] आश्रम में सतगुरु स्वामी [illegible] जी महाराज द्वारा स्थापित [illegible] के [illegible] पर सक्खर से भी अनेकों प्रेमी [illegible] में पहुंचे, जिसमें सुन्दरदास जी थे। उस समय सक्खर वालों को भण्डारे में सेवा कार्य दिया जाता था। सक्खर के सभी प्रेमी भण्डारे में कार्य कर रहे थे और सुन्दरदास को [illegible] पिलाने की सेवा सौंपी गयी थी।

[illegible] सुन्दरदास जी की आंखों की ज्योति चली गयी। कुछ भी दिखायी नहीं दे रहा था। [illegible] सेवा कार्य में लगे साधूराम जी को (इन का नाम पहले [illegible], नाम दान के समय सतगुरु महाराज द्वारा साधूराम नाम रखा गया। वर्तमान में ग्वालियर में मौजूद हैं) बुलवाया। साधूरामजी ने जब आकर देखा तो वे सुन्दर दास जी को सान्त्वना देते हुए गुरु महाराज के पास ले गये। स्वामी जी ने कहा कि गुरु महाराज जी सब अच्छा करेंगे। और साधूराम को आज्ञा दी, कि आप सुन्दरदास को स्वामी जी की समाधि में ले जाना, और वहां पर चरण वन्दना करवा कर तीन बार सत-नाम-साक्षी बोलो। सब ठीक हो जायेगा। स्वामी जी की महिमा देखिये, उनकी आंखों की ज्योति पुनः वापिस आ गयी। देश विभाजन के पश्चात् सुन्दर दास जी ग्वालियर आ कर बसे, लेकिन अन्तिम समय तक उनकी आंखों की ज्योति फिर कभी न गयी, आज भी सुन्दरदास की पत्नी व पुत्र डा० नानकराम ग्वालियर में रहते हैं। ऐसी थी स्वामी जी की अपने प्रेमियों पर अपार कृपा।

✽ ✽ ✽

स्वामी जी की असीम कृपा

मेरी शादी होने के बाद मुझे ज्ञात हुआ, कि मेरी पत्नी को गंभीर बीमारी बाल्यावस्था से थी, वह माह में आठ दिन मूर्छित हो जाया करती थी मुझे जब यह मालूम हुआ, तो मैंने उसे धीरज बंधाते हुए कहा कि नित्य प्रति गुरु स्वामी जी की आरती, [illegible] अर-दास स्वामी जी की तस्वीर के आगे किया करो, गुरु महाराज की कृपा से हमारे घर में फिर कभी दुःख नहीं आयेगा। उसी दिन [illegible] पुत्र हुआ, और उसे सम्पूर्ण बात बता कर गुरु महाराज के पास

सर्व उपमा योग्य परम पूज्यनीय १०८ स्वामी सर्वानन्द जी महाराज के जन्म महोत्सव के मंगलमय अवसर पर हार्दिक अभिनन्दन एवम् इस शुभ अवसर पर पधारे संत महात्मा गण एवम् अन्य सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हैं।



शिव क्लाथ स्टोर्स

हमारे यहां पर वैवाहिक साड़ियां, क्रीम सिल्क, गजी सिल्क प्योर सिल्क अमरीकन प्लेन एवं प्रिन्टेड, काटन, रुबियाप्रिन्ट सूटिंग शर्टिंग सब प्रकार की वैरायटी किफायत से मिलती है।

आपके पधारने का धन्यवाद

चिटनीस की गोठ, लश्कर, ग्वालियर-१

विष्णु मोमबत्ती   *कृष्णा मोमबत्ती*

जो आपका अन्धेरा दूर करके प्रकाश करती है।

जो कि अधिक देर तक जलती है।

मेसर्स :-

ककूमल गोबिंदराम

सिन्धी कालौनी, ग्वालियर

पत्र लिखने के लिए कहा, आढ़तमल ने स्वामी जी को पत्र लिखा। कुछ दिनो के पश्चात् सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज का पत्र आया, कि आपकी अर्जी सद्गुरु महाराज के आगे रखी थी, मंजूर हो गयी है। गुरु महाराज सब अच्छा करेंगे, अब फिर कभी आपके घर में दुःख न आयेगा।

देश विभाजन के पश्चात् जब मैं बच्चो सहित ग्वालियर आया, तो 15 दिन नया बाजार धर्मशाला में ठहरा हुआ था, उसके पश्चात् मुझे लाला बाजार में जगह मिली जब सामान व बच्चो सहित मकान में आया तो मेरी पत्नी मूर्च्छित होने लगी, यह देखकर मैंने तुरन्त पेटी में से स्वामी जी की तस्वीरे निकालकर आले में रखी और अपनी पत्नी को खड़ा किया, उससे खड़ा नहीं हुआ जा रहा था, उसे पकड़ कर खड़ा किया। अरदास, आरती व पल्लव प्रार्थना की। मेरी पत्नी गुरु महाराज की असीम कृपा से स्वस्थ हो गयी, तब से लेकर आज तक 34 बरस हो गये है, कभी वह बीमार नहीं हुई है। ऐसी कृपा रही है स्वामी जी की हमारे ऊपर और मुझे विश्वास है, कि भविष्य में भी मेरे मालिक मेरे व बच्चो के ऊपर सदैव कृपा करते रहेंगे।

संकलन कर्त्ता
साधूराम जी

卐卐卐卐

न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्म फले स्पृहा।
इति मां योऽभिजानाति कर्मभिर्न स बध्यते ॥ गीता 4/14

क्योंकि कर्मों के फल में मेरी स्पृहा नहीं है, इसलिए मेरे को कर्म लिपायमान नहीं करते, इस प्रकार जो मेरे को तत्व से जानता है, वह भी कर्मों से नहीं बंधता है ॥

★★ ★★ ★★

"पूरन आतम ज्ञान दे काटे जो दुःख द्वन्द्व।
ऐसे गुरु को करत हूं कह टेकूं नित वंद ॥"

आज का आदमी

आदमी-आदमी का दोस्त नहीं,
आदमी-आदमी क्यों दुश्मन है ?

रेत के नित महल बनाता है,
देख सिक्कों को चौंधियाता है,
सिर्फ कागज की सरसराहट पर
पल में ईमान बेच जाता है,

कृत्य काले, न धर्म है कोई
कैसा मदमस्त, कितना हरफन है।
आदमी-आदमी क्यों दुश्मन है ?

तेज कैंची दबाए दांतों में,
विष उगलता है अपनी बातों में,
एक बहुरूपिए का जीवन है,
दिन में कुछ और, कुछ है रातों में,

साम्य के गीत गा रहा पल पल,
किन्तु अपनो से सख्त अनबन है।
आदमी-आदमी क्यों दुश्मन है ?

पल रहा स्वार्थी सयानापन,
और खूंखार वहिशियाना पन,
शेष पानी रहा न आंखों में,
हर कदम पर खड़ा वीरानापन,

उंगलियों के लहू रहे नाखून,
हाथ में दूसरों की गर्दन है।
आदमी-आदमी क्यों दुश्मन है ?

कु. गीता रक्षानी
आगरा (उ. प्र.)

ॐ
सत्नाम साक्षी

"प्रेम प्रकाश महान्"

प्रेम प्रकाश मण्डल है महान्, करूं मैं शत्-शत्
इसे प्रणाम।
स्वर्ग नहीं कुछ इसके आगे, हमारा है धाम।

प्रेम भरे प्रेमी इसमें,
सेवा जैसे महान्
उच्च बनी है महिमा जिनकी
नाप चुकी हैं सदिया।

यहां न धन की इच्छा रहती है,
सेवा से करो काम।
प्रेम प्रकाश मण्डल है महान्

आये कितने प्रेमी यहां -
संख्या नहीं है गिनती में कोई,
आशायें कितनों की पूरी हुई हैं
हुआ नहीं है अब तक कोई खाली।

ज्ञान और प्रेम जगत में है सबसे ऊपर नाम।
प्रेम प्रकाश मण्डल है महान।

कहीं स्वामी टेऊंराम का सेवादारी आया
स्वामी सर्वानन्द का प्रेमी।
यहां स्वामी शांति प्रकाश ने,
खुद आकर इस मूर्ति की स्थापना की

इस प्रेम की पावनता के कितने ऊंचे धाम।
प्रेम प्रकाश मण्डल है महान्।

कु. रेखा पंजवानी

क्रोध और उससे निवृत्ति

—गोपी मंधान

कलयुग के सम्राट क्रोध को जानने वाले बहुत कम लोग होंगे, क्योंकि इसका दर्शन आज अधिकतम स्थानों पर होता है। आज लोग अपने को स्वतन्त्र मानते हैं परन्तु यह उनकी भूल है वे क्रोध रूपी अदृश्य शत्रु की बेड़ियों में जकड़े हुए हैं, आज बालक वृद्ध, युवा नर नारी सभी इसके अधीन हैं।

क्रोध बुरा होता है, यह बात आज प्रत्येक व्यक्ति के मुख से सुनी जाती है, अधिकतम लोगों की यह धारणा है कि जैसे भूख, नींद व प्यास सभी स्वाभाविक वृत्तियां हैं वैसे ही क्रोध भी एक स्वाभाविक वृत्ति है परन्तु क्रोध को एक स्वाभाविक वृत्ति कैसे मान लिया जाय क्योंकि क्रोध करने से मनुष्य अस्वस्थ रहता है, भीतरी वृत्तियों में से क्रोध-वृत्ति का मनुष्य के शरीर पर सबसे बुरा असर होता है और क्रोधी अधिक लम्बी जिन्दगी नहीं जी पाता।

किसी ने कहा है—

क्रोधो हि शत्रु : प्रथमो नराणां
देह स्थितो देह विनाशनाय
यथा स्थित: काष्ठगतो हि वह्नि:
स एव वह्निर्दहते शरीरम ॥

—मनुष्य का पहला शत्रु क्रोध है दूसरे तो बाहर से चोट करते हैं पर यह तो देह में रहते हुए भी देह का विनाश करता है, जैसे लकड़ी में रहने वाली आग लकड़ी को जलाती है।

गीता के दूसरे अध्याय में भगवान कृष्ण ने बतलाया है—

संगात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते
क्रोधाद् भवति सम्मोहः संमोहात्स्मृत्ति भ्रमः

—आसक्ति से कामना उत्पन्न होती है और कामना से क्रोध। क्रोध से मूढ़ता और मूढ़ता से मति भ्रष्ट हो जाती है। जिसकी मति मारी गई, उसका बाकी क्या बचा ? उसमें भला बुरा सोचने की शक्ति ही नहीं रह जाती है।

किसी संत ने कहा है यदि क्रोध रूपी दुश्मन को जीत लिया तो सारे दुश्मनों को जीत लिया। यदि क्रोध रूपी दुश्मन जीत गया तो सारे दुश्मन जीत गये।

शास्त्रों में क्रोध को चांडाल की संज्ञा दी गई है।

पुराने जमाने की बात है गंगा के किनारे कोई साधु अपनी मण्डली के साथ निवास करते थे, एक दिन साधु आश्रम के निकट बने पक्के घाट पर जप कर रहे थे। उसी समय एक पंचम चमार उस घाट पर अपने कपड़े धोने लगा। वह साधु से काफी दूर पर कपड़े धो रहा था। परन्तु संयोगवश पानी के कुछ छींटे साधु पर पड़े। उन्होंने उसी समय जप छोड़कर बुरे शब्दों का प्रयोग करते हुए चमार को मारा। चमार साधु से बलशाली था परन्तु वह अपने क्रोध को पी गया और हाथ जोड़कर माफी मांगी। साधु एक तो छींटे से मलिन हो गए थे और चमार को मारने पर उसके स्पर्श से अपवित्रता की हद हो गई तुरंत घाट पर जाकर नहाने लगे, इधर चमार को भी नहाता देख उनका क्रोध और अधिक बढ़ गया और उस चमार से कहने लगे—अरे नीच मैं तो तुझसे छू जाने की वजह से फिर नहा रहा हूं पर तू क्यों नहाता है।

वह बोला—मैं भी छू गया हूं।

"तू किससे छू गया है"

पंचम चमार बोला—"चांडाल से।"

अब तो साधू के क्रोध की कोई सीमा न रही। उन्होंने अपनी सुध-बुध खो दी और चमार से कहने लगे पापी कहीं के तू मुझसे चांडाल कहता है। तेरी यह मजाल।

चमार ने कहा "नहीं महाराज आपको तो मैं परम पवित्र मानता हूं, चंडाल तो आपका क्रोध है जिसके स्पर्श के कारण मैं दुबारा नहा रहा हूं।

उसके इस उत्तर से साधू को ज्ञान आया और अपनी नीच करतूत के लिए उस चमार से माफी मांगी।

अतः इस प्रकार हमें कई उदाहरण देखने को मिलते हैं जिसमें क्रोध का परिणाम बहुत बुरा होता है और क्रोधी को इसका परिणाम भोगना पड़ता ही है अतः क्रोध को शांत करने के लिए भरसक प्रयास करना चाहिए। इस बारे में विद्वानों की निम्नलिखित रायें है—

विनोबाजी बतलाते हैं—क्रोध आये तब मुंह में मिश्री की डली डाल दो। चूसते रहो, ज्यों-ज्यों डली पिघलेगी, क्रोध भी पिघलता रहेगा।

महात्मा गांधीजी ने कहा है—अपने किसी काम के लिए दूसरों से न कहो, सदा ईश्वर को याद रखो।

मेरे विचार से क्रोध को दूर करने का सर्व श्रेष्ठ उपाय यह है कि हम किसी से किसी भी प्रकार की कामना न रखें। क्योंकि जब हम किसी से धन या मान की आशा करते हैं और हमें उससे वह प्राप्त नहीं होता तो हमें उस पर क्रोध आ जाता है और हम कहते हैं कि अमुक व्यक्ति ने मुझे अमुक वस्तु देने का वचन दिया था और अमुक व्यक्ति ने मुझसे सम्यक रीति से व्यवहार नहीं किया। इसलिए जहां तक हो सके शीघ्र ही मन से मांगने का भाव निकाल दिया जाय और यदि भाव नहीं जाता है तो केवल भगवान से ही याचना करनी चाहिये. किसी अन्य से नहीं। क्योंकि जितने भी संसार में बड़े दानी कहलाने वाले लोग हैं वे भी उसके सामने याचक बनकर खड़े रहते हैं और वह सबकी कामनाओं को अकेला ही पूर्ण करता है। ऐसा ही यह श्रुति का मन्त्र कहता है।

एको बहूनां यो विदधाति कामान।

—×—

कवि ने ईश्वर-भक्ति की तुलना बाघ से की है। जिस प्रकार बाघ पशुओं का भक्षण करता है उसी प्रकार ईश्वर-भक्ति भी मनुष्यों को फंसाने वाले सारे शत्रुओं भक्षण कर जाती हैं—लोभ और क्रोध पूर्णतः नष्ट हो जाते हैं।

—राम कृष्ण परमहंस

(एक सच्ची कहानी)

क्या आप हिन्दू है ?

बात उस समय की है, जब हमारा देश स्वतन्त्र नहीं हुआ था, अंग्रेजो का शासन था। उन दिनो अमृतसर में फल बेचने का काम परम्परा से मुसलमान लोगो के हाथो में था, उन्हीं दिनो की बात है कि हमारे दफ्तर के पास पीपल के वृक्ष के नीचे एक वृद्ध मुसलमान कई वर्षो से फल बेचा करता था। उसका स्वभाव बहुत अच्छा था। उसकी सफेद दाढी से प्रतीत होता था, कि उसका मन भी बहुत शुद्ध होगा। हम सुना करते थे, कि वह हिन्दू और मुसलमानो में भेद नहीं समझता था। दफ्तर के सभी बाबूओ से वह अपने बच्चो की तरह व्यवहार करता था, यही कारण था, कि उसको बाबूओ से पर्याप्त आय होती थी।

एक दिन दफ्तर में काम की अधिकता के कारण मुझे सन्ध्या वही हो गयी। शीत ऋतु थी, अन्धेरा हो रहा था, मुझे भूख सता रही थी। जा तो मैं घर ही रहा था। लेकिन घर उस स्थान से एक मील की दूरी पर था। पेट में जो चूहे कूद रहे थे, उनको कुछ न कुछ अवश्य खाने को देना चाहिए, इस विचार से मैंने उस वृद्ध से थोड़े से अंगूर मोल लिये। मेरी जेब में एक अठन्नी थी। उस बूढे ने अंगूर देने के बाद मेरे हाथ पर चार सिक्के रख दिये। मैंने वे जेब में बिना देखे डाल दिए, और आगे बढ गया।

थोड़ी ही देर में अंगूर मैंने समाप्त कर दिये। तब सिगरेट का शौक जागा। सिगरेट वाले की तरफ एक सिक्का फैंकते हुए मैंने उसे कहा एक आने के सिगरेट दे दो भैया।

उसने दो सिगरेट मुझे दे दिये। एक को मैंने वही सुलगा लिया और फिर आगे बढ गया।

'बाबूजी !' अभी मैं चार-पांच पग ही आगे गया था, कि पीछे से जोर से आवाज आयी 'बाबूजी !' बाकी पैसे तो लेते जाइये।

मैं विस्मित था, कि वह बाकी पैसे कैसे देना चाहता है। मैंने अपनी जान में उसे केवल इकन्नी ही तो दी थी। उसके पास जाकर मैंने कहा—भई ! कहीं गलती हो रही होगी। मैंने तो तुम्हें केवल एक आना ही दिया था।

नहीं बाबूजी ! उसने बड़े श्रद्धा मिश्रित शब्दो में कहा, आपने यह चवन्नी (एक चवन्नी दिखाते हुए) दी थी, इसलिए आप तीन आने लेते जाओ।

कुछ सोचते हुए मैंने वह चवन्नी पान वाले बिहारी भैया से ले ली, और उसे एक इकन्नी दे दी। उसी समय मैं अपने दफ्तर की ओर लौट पड़ा, और जल्दी-जल्दी कदम बढाता हुआ उस फल बेचने वाले के पास पहुंच गया।

मैंने बड़े आदर से कहा, बाबा जी। आपने गलती से यह चवन्नी, इकन्नी समझते हुए मुझे दे दी थी। इस तरह आपने मुझे सात आने दे दिए थे। चार आने के अंगूर मोल लेने के बाद अठन्नी में से मुझे सिर्फ चार आने वापस मिलने चाहिए थे, इसलिए यह आप चवन्नी ले ले और इकन्नी दे देवें।

'क्या आप हिन्दू है ? उस वयोवृद्ध ने कृतज्ञतापूर्ण

दृष्टि से मेरी ओर देखते हुए पूछा । 'इससे आपका क्या मतलब ?' मैंने सीधा उत्तर न देते हुए उससे प्रश्न किया ।

आप नाराज न हो, आपके जवाब से मेरा एक सवाल हल हो जायेगा ।

मुझे घर जाने की जल्दी थी, किन्तु फल वाला मुझे जिज्ञासा में डाल रहा था । इसलिए मैंने उससे कहा आप फल बेचने-बेचते कौन से सवाल हल किया करते हैं ?

पिछले साल की बात है वह बुजुर्ग कुछ मुस्कराया और कहने लगा 'एक लड़का मेरे पास आया । उसने मुझे दुअन्नी दी और छः पैसे के अंगूर खरीदे । मुझे उसे दो पैसे वापिस करने थे, लेकिन इसी तरह के झिल-मिल अंधेरे में अठन्नी को पैसा समझकर मैं उसे दे बैठा । ठीक आपकी तरह वह भी कुछ देर के बाद मेरे पास आया और अठन्नी वापस कर गया । जब उससे पूछा तो उसने बताया कि वह हिन्दू लड़का है उस दिन से मेरे दिल में यह ख्याल पैदा हो गया है, कि ये हिन्दू कितने भले आदमी होते हैं । अगर किसी मुसलमान लड़के के पास यह अठन्नी गलती से चली जाती, तो वह कभी वापस न करता ।

बाबा जी । वह ऐसा कह ही रहा था, कि मैंने उसे रोक दिया, बाबा जी । आप यह फैसला कैसे दे सकते हैं कि लड़का हिन्दू न होता तो कभी अठन्नी वापस न करता ।

आपने मेरी बात काटी न होती बुड्ढे बाबा ने जवाब दिया, तो इस सवाल का जवाब खुद-ब-खुद मिल जाता । जरा सुनिये । उस लड़के के किस्से के बाद दूसरे दिन मेरे मोहल्ले का एक मुसलमान वाकिफ लड़का कुछ फल खरीदने आया । मैंने जान बूझकर उसे एक चवन्नी ज्यादा दे दी । मैं यह इम्तिहान लेना चाहता था कि वह लड़का भी चवन्नी वापस करता है या नहीं, लेकिन वह आज तक उस चवन्नी को वापस करने नहीं आया । इसीलिए मैंने आपसे सवाल किया था कि आप भी हिन्दू हैं ?

हां बाबा जी, तब मैंने उसे बताया मेरा नाम गोपाल दास है ।

उस भद्र पुरुष ने एक बार फिर मेरी ओर देखा और धीमे स्वर से बोला ऐसी ही खूबियों की वजह से आपकी कौम आगे बढ़ रही है ।"

('कल्याण' से साभार)

संसार के सब महान नायक महान दादियों के बच्चे थे । मातायें ही सब संसार को उठा सकती हैं । मातायें ही देश को उठा या गिरा सकती हैं । श्रेष्ठ माताओं के पुत्र सदा ही महा शूरवीर हुआ करते हैं । यदि बाल्यकाल में ही बच्चे में ये सच्चाइयां भर दी जायें, यदि बचपन में ही बच्चे को सच्चे स्वरूप की प्राप्ति का पाठ पढ़ा दिया जाय, तो वह बड़ा होने पर कृष्ण या ईसा बन सकता है ।

—स्वामी रामतीर्थ जी

संसारी सागर कैसे पार करें ?

गुरु आज्ञा से मनुष्य भव सागर से पार हो जाता है ।

बहुत समय की बात है जब श्री गुरु नानक देव जी सारी सृष्टि का भ्रमण कर रहे थे तब एक बार भाई मरदाने ने श्री गुरुनानक साहिब से चरणों में बिनय किया कि हे सच्चे पादशाह हमने लंका नहीं देखी जहां श्री रामचन्द्र जी ने चढ़ाई की थी ? श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने कहा कि भाई बाला और मरदाना आप दोनो आंखे बन्द करें । दोनो ने आखे बन्द कर ली । जब उन्होंने श्री गुरु महाराज की आज्ञा पाकर आंखें खोली तो वे समुद्र के किनारे खड़े थे श्री गुरुनानक देव जी ने कहा कि हमारे पीछे-पीछे चले आओ और मुख से वाहिगुरु-वाहिगुरु का शब्द उच्चारण करते जाओ ।

श्री गुरु नानक देव जी महाराज समुद्र पर इस प्रकार चलने लगे जैसे धरती पर चलते है बाला और मरदाना भी पीछे-पीछे चलने लगे श्री गुरु महाराज जी को ओ अंम-सोहमं' जपते देखकर मरदाना भी वाहगुरु-वाहगुरु छोड़कर 'ओअंम-सोहमं' जपने लगा । 'ओअंम-सोहमं' जपते ही मरदाना समुद्र में गोते खाने लगा । तब श्री गुरु नानक जी ने कहा मरदाना गुरु की करनी की और नहीं देखना चाहिए बल्कि गुरु के वचनो पर चलना चाहिए जो तुमको कहा है वही करो जब मरदाना वाहि गुरु वाहिगुरु कहने लगा, तब फिर पहले की तरह पानी पर चलने लगा । इसी प्रकार हमें भी अपने सतगुरु महाराज के आज्ञा अनुसार चलना चाहिये यदि हम नहीं चलेंगे तो हम भी इस संसारी समुद्र में गोते खाते रहेगे यदि गुरु महाराज के वचनो को मानकर चलेंगे तो इस संसार के भव सागर से पार हो जायेंगे ।

संकलनकर्ता—**दयाराम कुकरेजा**

मृत्यु को शत्रु की तरह नहीं वरन मित्र की तरह समझना चाहिये ।

विषपान द्वारा मौत की सजा मिलने पर भी सुकरात कारागर में बड़ा प्रसन्न रहता था । उसे तुरन्त न मारकर 23 दिनो तक जेल में बन्द रखा गया । पर उन दिनो में भी वह सदा के समान मित्रों को आत्मोपदेश देता रहता था । उसे देखकर कोई यह नहीं सोच सकता था कि वह चन्द दिनों को मेहमान है अन्तिम दिन उसका एक प्रमुख शिष्य बड़े सबेरे उससे मिलने गया तो उसे यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि सुकरात बड़ी गहरी नीद में शान्ति से सोया है । जब मित्र ने सुकरात से इस सम्बन्ध में पूछा तो उसने यही कहा "मैं मृत्यु को शत्रु की तरह नहीं वरन् मित्र की तरह समझ रहा हूं, फिर उसके आगमन से मुझे अशान्ति अथवा शोक कैसे हो सकता हैं ।"

जब विष का प्याला सामने लाया गया तो उसे भी उसने इस प्रकार पी लिया जैसे कोई स्वादिष्ट पदार्थ हो । इस प्रकार उसने गीता के सिद्धान्त के अनुसार यह दिखला दिया कि-"यह शरीर तो आत्मा के ऊपर एक वस्त्र के समान हैं । जब यह जीर्ण या अनुपयोगी हो जाय तो इसे बदलकर दूसरा नया शरीर धारण करने में कोई बुराई या दुःख की बात नहीं हो सकती ।" इस सिद्धान्त की सत्यता को हृदय में धारण करने के कारण उसे मरते समय किसी प्रकार का भय और कष्ट नहीं हुआ । वह अपने आत्म-बलिदान द्वारा हमको यह शिक्षा दे गया कि जीवन उसी का सफल और सार्थक है जो सदैव सच्चाई पर डटा रहता हैं और कैसा भी संकट आवे उसके विपरीत आचरण नहीं करना चाहिये ।

□ कु० मोनी आहूजा
ग्वालियर



प्यारे कृष्ण !

श्री कृष्ण ! मुझे मालूम नहीं, कुछ-कुछ मालूम होने पर भी याद नहीं आता कि मैं तुमसे कुछ बिछुड़ा हुआ हूं ! युग पर युग बीत गये, जन्म पर जन्म बीत गये। कभी तिनका होकर लोगों के पैर के नीचे कुचला जाता रहा, कभी लकड़ी बनकर आग में जलता रहा, कभी कीड़े-मकोड़े बनकर लोगों को सताता रहा, कभी समुद्र तल की उत्ताल तरंगों में बहता रहा और कभी अनेकों पशु-पक्षियों की योनियों में पैदा होकर लोगों के द्वारा विताड़ित होता रहा, न जाने किस-किस को पुकारा, किस-किसके चरणों में शरण ली, परन्तु तुम्हें नहीं पुकारा। कई बार स्त्री होकर लोगों का भोग्य बना और न जाने कितनी बार पुरुष होकर कितनों की चापलूसी करता रहा। श्री कृष्ण ! एक बार भी सच्चे हृदय से मैंने तुम्हारे चरणों की शरण नहीं ली। एक बार भी आर्तस्वर से तुम्हें नहीं पुकारा ! पुकारने की इच्छा भी नहीं हुई ! मैं जलते हुए लोहे के द्रव को अमृत समझकर पीने के लिए दौड़ा, उससे जलकर जलते हुए सोने के द्रव की ओर दौड़ा, उससे लौटकर खारे समुद्र में कूद पड़ा और वहां भी भूखा प्यासा रहकर अनेक जल-जन्तुओं से विताड़ित हुआ। कहां नहीं गया, किसके किसके दरवाजे पर मैंने सिर नहीं पटका ? परन्तु हाय ! मेरी दुर्बुद्धि ! एक बार भी तूने सच्चे स्वामी की स्मृति नहीं की ! !

यह सब होता रहा, इस सब दौड़-धूप के अन्दर एक प्रेरणा थी श्रीकृष्ण की। हां ! श्रीकृष्ण ! ! तुम्हारी ही प्रेरणा थी। तुम हृदय में बैठकर यही प्रेरणा कर रहे थे कि मैं सच्चा सुख पाऊं, सच्ची शांति पाऊं और अपने स्वामी की सन्निधि में जाकर अपने प्रियतम का आलिंगन पाकर सर्वदा के लिए उनके हृदय से सट जाऊं—एक हो जाऊं। यह इच्छा तुम्हारी दी हुई इच्छा थी; परन्तु मैं इतना पागल था कि यह नहीं समझ रहा था—यह इच्छा किसकी दी हुई है। यह भी नहीं समझ पा रहा था कि किसके पास जाने से यह इच्छा पूरी होती है ! मैं बिना जाने अनजान पथ से चल पड़ा और ढूंढ़ने लगा उन विषयों में सुख और शांति को, जहां स्वप्न में भी उनके दर्शन नहीं हो सकते !

परन्तु अब मैं समझ गया। यह कैसे कहूं कि मैं समझ गया ? तुम्हारे प्रेमियों से सुनता हूं, तुम्हारे प्रेमियों ने जो कुछ तुम्हारा संदेश सुनाया है, उससे अनुमान करता हूं कि मेरी इच्छा, आनन्द और सुख की अभिलाषा सच्ची थी। फिर भी मेरा मार्ग ठीक न था। मैं मरुस्थल में पानी ढूंढ़ रहा था। मैं संसार में सुख के लिए भटक रहा था। भला संसार में सुख कहां ! भटक चुका, खूब भटक चुका, जान गया कि सुख तो तुम्हारे चरणों में ही है। अब प्रभो ! तुम्हारे चरणों में आ

गया हूं। ये तुम्हारे लाल तलवे, ये तुम्हारे कमल से कोमल चरण सर्वदा मेरे हृदय से सटे रहें, इनकी शीतलता से मेरे हृदय की धधकती हुई आग शांत हो जाय। प्रियतम ! एक बार मेरे वक्षःस्थल पर अपने चरणों को रख दो न ! रख दो, बस मेरी एक बात मान लो !

मैं भी कैसा अज्ञानी हूं ! हृदय की तह में तो अब भी विषयों की लालसा है और वाणी से तुम्हारी प्रार्थना कर रहा हूं। इसी से मालूम होता है श्रीकृष्ण ! कि तुम दूर से ही मुझे देखकर हंस रहे हो और मेरे पास नहीं आ रहे हो। मैंने तुम्हारे प्रेमियों के द्वारा, तुम्हारे दूतों के द्वारा सुने हुए सन्देश को सच्चे रूप में अभी ग्रहण नहीं किया है। थोड़ी देर के लिए उन सन्देशों को सुन लेने पर भी मन ने उन्हें ठीक रूप से ग्रहण नहीं किया है। यदि मन तुम्हारे सन्देश को सत्य मानता, उसका विश्वास हो जाता कि सच्चा रस तो श्रीकृष्ण के चरण में ही है। यदि वह अनुभव कर लेता कि विषयों में रस नहीं है, तो फिर वह कभी स्वप्न में भी विषयों की ओर नहीं जाता, तुम्हारे चरणों का रस लेने में ही मस्त होता। ऐसा नहीं होता जैसा कि मन की आज स्थिति है। श्रीकृष्ण ! परन्तु मैं करूं ही क्या ? मन को मनाना मेरे हाथ में तो है नहीं, वह बड़ा बलवान है, अपने हठ पर अड़ा हुआ है। काम, क्रोध, लोभ आदि से उसने दोस्ती कर रखी है, वह तुम्हारा सन्देश सुनकर भी अनसुना कर देता है। सब कुछ देखते-सुनते हुए भी उसी मार्ग से चलने लगता है, जिससे चलने का उसे अभ्यास हो गया है।

इसका एक उपाय है, तुम सन्देश मत भेजो। आओ, स्वयं आओ, मेरी बात तो सुन ही रहे हो न ! एक क्षण के लिए मेरी आंखों के सामने प्रकट हो जाओ। थोड़ी देर के लिये मेरे हृदय में आकर बैठ जाओ और सन्देश के स्थान पर अपने मुंह से तुम मन को आदेश दो कि मन ! तुम मेरे हो, मेरी सेवा में रहो, एक क्षण भी मुझे छोड़कर मत जाया करो। मेरे सर्वस्व, मेरे श्रीकृष्ण ! वह तुम्हारी आज्ञा मानेगा। मेरा विश्वास है, तुम्हारी आज्ञा अवश्य मानेगा।

कर दो न ऐसा ही ! मैं सर्वदा के लिए तुम्हारे चरणों की सन्निधि पा जाऊं। श्रीकृष्ण ! क्या कहते हो ? मेरा हृदय कलुषित है। वह तुम्हारे आने योग्य नहीं है। मेरी आंखें दूषित हैं। वे तुम्हारे दर्शन करने योग्य नहीं हैं, परन्तु मेरा वश क्या है ? मेरी आंखों और हृदय को शुद्ध करने वाला और है ही कौन ? तुम स्वयं पवित्र कर लो और आ जाओ। यदि उनके शुद्ध होने पर ही तुम आओगे, तब तो मैं करोड़ों कल्पों में भी तुम्हारे दर्शनों का अधिकारी नहीं बन सकूंगा। श्रीकृष्ण ! तुम बड़े दयालु हो, बड़े भक्त वत्सल हो। तुमने स्वयं स्वीकार किया है कि मैं प्रेम परवश हूं। परन्तु मैं भूल कर रहा था, मैं भक्त नहीं हूं, मैं तुमसे प्रेम भी नहीं करता। मैं सच्चे हृदय से अपने को दया का पात्र भी नहीं मानता। कहाँ है मुझमें दीनता ? मैं तो अभिमान का पुतला हूं। तब क्या मुझपर दया नहीं करोगे ! श्रीकृष्ण ! इसी अवस्था में तो मैं वास्तव में दया का पात्र हूं। यदि मैं अपने को दयापात्र समझता तब तो दया पात्र होता ही। उसमें तुम्हारी दयालुता क्या होती ! मेरी दशा तो इतनी दयनीय हो गई है कि मैं अपने को दया पात्र भी नहीं समझता, इसलिए मैं और भी दया का पात्र हो गया हूं। जैसे भयंकर रोग से ग्रस्त प्राणी उन्माद के कारण अपने रोग को नहीं समझ पाता और इसी से लोग उस पर विशेष दया करते हैं, वैसे ही अज्ञानवश अपने रोग को न समझने वाला मैं क्या तुम्हारा विशेष दयापात्र नहीं ?

मैंने तुम्हारी लीला सुनी है, मैंने तुम्हारी कथा सुनी है। तुम पतितो को पतितपावन बना देते हो, अधमों को अधमों के उद्धार का साधन बना देते हो। तुम प्रेमियो के नचाने पर नाचते हो और वे जो-जो कहते हैं, करते हो। मैं तुम्हारे दरवाजे पर तुम्हारे चरणों के पास लोटकर तुमसे प्रार्थना कर रहा हूं। उठा लो मुझे, एक बार कह दो, तुम मेरे हो। अपना लो न प्रभु ! सब संसार तो तुम्हारा है ही। तो क्या मुझे ही बाहर रखना चाहते हो ? मैं भी तुम्हारा ही हूं। फिर यह कहने में क्यों देर करते हो ! स्वामिन् ! तुम मुस्करा रहे हो। क्यों मुस्करा रहे हो ? क्या मेरे

अज्ञान पर ! हां, मैं हंसने ही योग्य हूं । तुम ही इशारा कर रहे हो न कि तू तो मेरा है ही, सभी अवस्थाओं में मेरा रहा, मैंने कभी तुझे छोड़ा नहीं । तुम यही कह रहे हो न नाथ ! कि पाप करते समय भी मैं तेरे साथ रहा । तेरे पीछे खड़ा होकर तुझे देखता रहा, एक क्षण के लिए भी तुझे नहीं छोड़ा । मैं तुझे प्रेम करता हूं किंतु तूने ही मुझे छोड़ दिया है, मेरी ओर से आंखें बन्द कर करली हैं, संसारकी सुन्दरता पर मुग्ध होगया है और मेरी ओर देखना ही छोड़ दिया है । सत्य है प्रभो ! तुम्हारा कहना ठीक है, तुमने मुझे नहीं छोड़ा, तुमने मुझ पर अमृत की वर्षा की । मेरे साथ तुम्हें ऐसे स्थानों में भी जाना पड़ा जहां तुम्हें नहीं जाना चाहिए था । परन्तु हे अनन्तस्वरूप ! अब मेरी त्रुटि पर, मेरे अपराध पर दृष्टि मत डालो । यह शरीर, ये इन्द्रियां, ये प्राण, मन, बुद्धि, अहंकार, आत्मा जो कुछ भी मैं था, हूं और होऊंगा, वह सब तुम्हारा ही था, तुम्हारा ही है और तुम्हारा ही होगा । अब ऐसी कृपा करो कि मैं इस सत्य पर स्थिर हो जाऊं और प्रतिक्षण तुम्हारे चरण-कमलों को अपने हृदय से सटाये रहूं । मेरे जीवन सर्वस्व ! मेरे प्राणों के प्राण । मेरे स्वामी ! मेरे हृदय में प्रेम की ऐसी ज्वाला जगा दो, जिसमें मेरी सारी अहंता और ममता जलकर खाक हो जायें । हृदय के मन्दिर में तुम्हें बैठने की जगह बन जाय । प्रियतम ! अपना ऐसा विरह दो, कि सारा हृदय आंसू बनकर आंखों को धो डाले और आंखें सर्वत्र, सर्वदा तुम्हारी अनूप रूप राशि का मधु पीकर छक जायं ।

प्रभो ! दे दो न अपने लिए व्याकुलता ! मैं तुम्हारे लिए तड़पता हुआ घूमा करूं ।

श्री कृष्ण ! ये आंखें तुम्हारे अतिरिक्त और किसी को क्यों देखती हैं ? चाहे तो तुम इनके सामने आओ और चाहे इन्हें जला दो । यह वाणी दूसरे का नाम क्यों लेती है ? चाहे तो इससे तुम्हारा ही नाम निकले और चाहे यह नष्ट हो जाय । श्रीकृष्ण ! मेरे कान तुम्हारा ही मधुर आलाप सुनें, तुम्हारी ही बांसुरी का तान सुनें, या बहरे हो जायं । मेरी चित्तवृत्ति और किसी को न देखे, न सुने, न स्पर्श करे । मेरी क्यों ! यह तुम्हारी ही चित्तवृत्ति है, लगा लो अपने चरणों में प्रभो ! मेरे दयालु प्रभु ! मेरे प्रेमी प्रभु ! लगा लो न, रहा नहीं जाता । विवश हो रहा है चित्त, एक बार तो कृपा कर दो । कृपा तो तुम्हें करनी ही है । बिना कृपा किये तो तुम रह ही नहीं सकते, फिर देर क्यों कर रहे हो ? अभी कर दो न ? यह देखो एकटक आंख खोले, मुहं बाये तुम्हारी ओर देख रहा हूं । मेरे प्यारे कृष्ण ! प्यारे कृष्ण ! कृष्ण ! कृष्ण ! कृष्ण !

('भक्ति सर्वस्व' से साभार)

***

वचनामृत–वर्षा

(1) महान विचार जब कर्म में बदलते हैं तब महान कार्य होते हैं ।

(2) धन-दोलत मित्र बनाती है, गरीबी उनकी परख करती हैं ।

(३) कठिनाईयां सब पर आती हैं परन्तु बुद्धिमान हंसकर और मूर्ख रो कर झेलता है ।

(4) इन्सान का ठोकर खा कर गिरना पाप नहीं, ठोकर खाकर नहीं संभलना पाप है ।

(5) धर्म, ईश्वर तथा इन्सान के प्रति प्रेम से अधिक कुछ नहीं ।

(6) एक बार निकले बोल वापिस नहीं आ सकते, अतः सोच समझकर बोलो ।

(7) इन्सान की सबसे बड़ी रक्षक उसकी मां है, जिसके प्रेम व त्याग की कोई सीमा नहीं ।

(8) घमण्ड का अन्त में सदा "नाश" होता है ।

⊙ सुरेश चन्द्र रहेजा ग्वालियर